प्रसारित - आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, अलीगढ़, हाथरस, कासगंज, एटा, मैनपुरी, बुलंदशहर, गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

साप्ताहिक

# मोर्निंग सिटी

सच के साथ...

वर्ष - 11, अंक - 27, 13 सितम्बर से 19 सितम्बर , 2026 मूल्य- 10 रुपये । पृष्ठ 8 WWW :morningcity.in

यूपी का सर्वश्रेष्ठ न्यूज प्लेटफॉर्म

मोर्निंग सिटी



## खबर संक्षेप

### कोलंबो सिक्यो. कॉन्क्लेव एक्सरसाइज का समापन

नई दिल्ली। नौसेना की पूर्वी कमांड में बीते 9 सितंबर से जारी तीन दिवसीय टेबल टॉप एक्सरसाइज शनिवार को संपन्न हो गई है। जिसका आयोजन कोलंबो सिक्योरिटी कॉन्क्लेव के तहत किया गया था। एक्सरसाइज का मुख्य उद्देश्य हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में गैर-कानूनी समुद्री गतिविधियों से निपटने की समन्वित प्रतिक्रिया को विकसित करना था। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि समुद्री सुरक्षा विशेषज्ञों ने 72 घंटों तक गहन सिम्युलेटेड ऑपरेशनल परिदृश्यों को लेकर कार्य किया।

### सऊदी अरब ने ऐहतियातन बंद की तेल पाइपलाइन

काहिरा। सऊदी अरब ने कहा कि उसने ड्रोन हमले के एक दिन बाद एक प्रमुख तेल पाइपलाइन को बंद कर दिया है, वहीं यमन के ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने लाल सागर के दक्षिणी प्रवेश द्वार पर स्थित एक रणनीतिक द्वीप पर कब्जा कर लिया है। अधिकारियों ने कहा कि इन दोनों घटनाओं को ईरान युद्ध में एक नए मोर्चे के तौर पर देखा जा रहा है। हूती विद्रोहियों ने बाब-अल-मंदेब जलडमरूमध्य के पास वर्षों में अपनी सबसे बड़ी क्षेत्रीय बढ़त हासिल की है। यह दुनिया के प्रमुख समुद्री व्यापार मार्गों में से एक है।

### 'जैश-ए-मोहम्मद' का कमांडर भद्रवाह में ढेर

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के भद्रवाह स्थित सेओज धार इलाके में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में मारे गए जैश-ए-मोहम्मद के एक पाकिस्तानी आतंकी कमांडर का शव बरामद किया। आतंकी को पहले एक संयुक्त अभियान के दौरान मार गिराया गया था। सीआरपीएफ की टीम ने तलाशी अभियान के दौरान आतंकी का शव बरामद किया। मुठभेड़ स्थल से अमेरिकी निर्मित एम4 राइफल भी बरामद हुई है। सुरक्षाबलों ने बरामद शव और हथियार को कब्जे में लेकर आगे की जांच शुरू कर रही।

### एनआईए ने राज्य के 10 शहरों के ठिकानों पर ली तलाशी

# लश्कर ए तैयबा के भेदी की खोज जम्मू कश्मीर में ताबड़तोड़ छापे

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने आतंकी साजिश मामले में शनिवार को जम्मू-कश्मीर में 10 स्थानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के आकाओं और उनके कथित स्थानीय सहयोगियों के नेटवर्क से जुड़ी सीमा पार आतंकी साजिश के मामले में की गई। एनआईए के एक बयान में कहा गया कि ये छापेमारी कुपवाड़ा, कुलगाम, बांदीपुरा, बारामूला और सोपोर में स्थित ठिकानों पर की गई।

इनका उद्देश्य साजिश से जुड़े आगे के सबूत जुटाना और घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों को रसद तथा अन्य सहायता उपलब्ध कराने वाले लोगों की भूमिका का पता लगाना था। एनआईए ने कहा, 'तलाशी के दौरान मामले से संबंधित आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई है। इसकी जांच की जा रही है और जांच के दौरान जुटाए गए अन्य साक्ष्यों के साथ इसका मिलान किया जा रहा है।'




### पूरे नेटवर्क का पता लगाने की कोशिश

एनआईए वित्तीय लेन-देन, संचार माध्यमों, आरोपियों की आवाजाही तथा हथियारों और विस्फोटकों के स्रोत एवं आपूर्ति श्रृंखला की भी जांच कर रहा है। इसका उद्देश्य पूरे नेटवर्क का पता लगाना और उसकी गतिविधियों के विस्तार को उजागर करना है। बयान में कहा गया कि एनआईए साजिश में शामिल सभी लोगों की पहचान करने और उनकी-उनकी भूमिका तय करने के लिए जांच जारी है।

### ऐसे हुई जांच की शुरुआत

जांच की शुरुआत 31 मार्च 2026 की रात लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े एक कार्यकर्ता की गिरफ्तारी के बाद हुई। उसके पास से एक हथगोला और कारतूस बरामद किए गए थे। बयान में कहा गया कि जांच के दौरान इस साजिश से जुड़े पाकिस्तानी नागरिकों की गिरफ्तारी हुई और स्थानीय सहायता नेटवर्क के सदस्यों की पहचान तथा उनकी संदिग्ध भूमिकाओं का पता चला। बयान में कहा गया कि जांच में पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा के आकाओं और उनके स्थानीय सहयोगियों के बीच संबंधों का पता चला है।

### हाफिज सईद के खिलाफ दो माह में दूसरा गैर-जमानती वारंट



जम्मू। राष्ट्रीय अन्वेषण एजेंसी (एनआईए) ने जम्मू-कश्मीर में सक्रिय आतंकी संगठनों को हथियार, धन और निर्देश देने से जुड़े मामले में भारत के लिए सबसे वांछित आतंकवादियों में शामिल लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के संस्थापक हाफिज सईद के खिलाफ गैर-जमानती वारंट हासिल किया है। पाकिस्तान में रह रहे सईद के खिलाफ दो महीने में यह दूसरा गैर जमानत वारंट (एनबीडब्ल्यू) है। जम्मू की विशेष अदालत ने आठ सितंबर को एनआईए की ओर से सईद के खिलाफ दायर आवेदन पर सुनवाई करते हुए यह एनबीडब्ल्यू जारी किया। सईद को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 75 के तहत आतंकवादी घोषित किया गया है। एनआईए ने अपने आवेदन में पाकिस्तान के पंजाब में सरगोधा के निवासी सईद को एक मामले में फरार आरोपी बताया है।

## अमेरिका के 'पीछे हटने' के बाद ही खुलेगा स्ट्रेट ऑफ होर्मुज

*पश्चिम एशिया में जारी जंग के बीच स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर ईरान ने बड़ा संकेत दिया है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने कहा है कि अगर अमेरिका ईरान के खिलाफ अपनी नाकेबंदी और दूसरी कार्रवाइयां बंद करता है, तो होर्मुज को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तय नियमों के तहत खोलने की दिशा में काम किया जा सकता है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को फिर से खोलने को अमेरिका के तेहरान के खिलाफ अपनी नाकाबंदी, बैन और दूसरे दबाव के तरीकों को खत्म करने से जोड़ा है। एक मीडिया ग्रुप के साथ एक खास इंटरव्यू में ईरान के प्रेसिडेंट ने कहा कि ईरान स्ट्रेटेजिक रूप से अहम इस वॉटरवे के लिए इंटरनेशनल लेवल पर रिकॉग्नाइज्ड मैरीटाइम अरेंजमेंट पर काम करने के लिए तैयार है। पेजेशकियन ने कहा कि तेहरान स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को कंट्रोल करने वाले एक खास फ्रेमवर्क पर ओमान के साथ बातचीत कर रहा है। उन्होंने वॉटरवे पर रोक लगाने के ईरान के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि ये अमेरिका और इजरायली मिलिट्री एक्शन और ईरान पर दबाव के जवाब में आया है। उन्होंने सवाल किया कि वाशिंगटन रीजनल रूट्स को ब्लॉक क्यों कर सकता है और इलाके में हथियार तैनात कर सकता है, जबकि वो ईरान से कोई जवाब न मिलने की उम्मीद कर रहा है? पेजेशकियन ने कहा कि तेहरान हमले के दौरान शांत रहने के बजाय अपना बचाव करता रहेगा।

### ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन की दो टूक




### यूएस बैन हटना एक अहम शर्त

ईरान के टॉप लीडर ने साफ किया कि होर्मुज को पूरी तरह से फिर से खोलने से पहले बैन और यूएस ब्लॉकेड खत्म होने होंगे। उन्होंने वॉशिंगटन पर आरोप लगाया कि मिलिट्री एक्शन से अपने मकसद पूरे करने में नाकाम रहने के बाद वह आम ईरानियों पर इकोनॉमिक प्रेशर डाल रहा है। पेजेशकियन के मुताबिक, बैन की वजह से बेरोजगारी, गरीबी और मरीजों के लिए मुश्किलें बढ़ी हैं, साथ ही बड़ी सोशल और इकोनॉमिक दिक्कतें भी पैदा हुई हैं।

## अगर ममता उपचुनाव लड़ेंगीं तो हम प्रत्याशी वापस ले लेंगे

एजेंसी ▶▶ कोलकत्ता



▪ विपक्षी गुट के ऋतब्रत ने कहा

टीएमसी के बागी गुट के नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष ऋतब्रत बेनर्जी ने कहा कि अगर ममता बेनर्जी उपचुनाव लड़ती हैं, तो वे अपना उम्मीदवार वापस ले लेंगे। हम चाहते हैं कि ममता विधानसभा में वापस आएं। ऋतब्रत ने कहा कि उपचुनाव के लिए अपने उम्मीदवार को लगभग अंतिम रूप दे दिया है, लेकिन अगर ममता स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में भी चुनाव लड़ने का फैसला करती हैं, तो हम नहीं लड़ेंगे।

### वे नंदीग्राम से विधानसभा पहुंचें

उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि वे नंदीग्राम से आएं। उन्होंने उस निर्वाचन क्षेत्र का जिक्र करते हुए कहा, जहां से वह 2021 के विधानसभा चुनाव हार गई थीं। ये टिप्पणियां ममता की टीएमसी और ऋतब्रत गुट में पार्टी के नाम और चुनाव चिन्ह को लेकर विवाद के बीच आई हैं।

### स्टील स्लैग सड़कों से निर्माण लागत में कमी

नई दिल्ली। स्टील स्लैग रोड टेक्नोलॉजी सड़क निर्माण लागत को लगभग 40 प्रतिशत तक कम कर सकती है, जबकि पारंपरिक सड़कों की तुलना में चार गुना अधिक मजबूती प्रदान करती है। यह बात शनिवार को केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी एवं पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पीएमओ, कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष राज्य मंत्री, डॉ. जितेंद्र सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि यह तकनीक सड़कों के रखरखाव चक्र को भी काफी बढ़ा सकती है—इसमें लगभग 15 वर्षों के बाद ही रखरखाव की आवश्यकता होती है।

## भारतीय सेना ने एलओसी पर असामान्य सैन्य तैनाती के दावों को किया खारिज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना ने सोशल मीडिया पर फैलाई जा रहीं जम्मू-कश्मीर में 'लाइन ऑफ कंट्रोल' (एलओसी) के पास आतंकवादी गतिविधियों से जुड़ी खबरों का खंडन किया है। भारतीय सेना के आधिकारिक फैक्ट चेक अकाउंट से कहा गया कि 'कश्मीर इंटेल' नाम का 'एक्स' अकाउंट ऐसी झूठी खबरें फैला रहा है, जिनमें दावा किया गया है कि 'लाइन ऑफ कंट्रोल' (एलओसी) के पास आतंकवादी गतिविधियां बढ़ गई हैं। ये दावे उन खबरों से जोड़े जा रहे हैं, जिनमें कहा गया है कि भारतीय सेना ने उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा और बारामूला जिलों में बड़े सैन्य ठिकानों के पास रहने वाले लोगों से अपने घर खाली करने को कहा है। सेना ने कहा कि एलओसी पर आतंकवादी गतिविधियों के बढ़ने और 'असामान्य भारतीय सैन्य तैनाती' के दावे पूरी तरह से झूठे हैं। पाकिस्तान से चलने वाला 'कश्मीर इंटेल' नाम का प्रोपेगैंडा अकाउंट यह फेक न्यूज फैला रहा है।

**'कश्मीर इंटेल' झूठ फैला रहा**

### ब्रिक्स समिट 2026

## 'यूएनएससी में सुधार की जरूरत', पीएम मोदी ने दुनिया का दिया बदलाव का संदेश

नई दिल्ली

दिल्ली में 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का आगाज हो गया है। इस सम्मेलन की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन के साथ हुई। इस दौरान पीएम मोदी ने पिछले 20 वर्षों में ब्रिक्स की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि अब संगठन को अपनी एकता और सहमति को वैश्विक मंच पर ठोस नतीजों में बदलने का समय आ गया है। उन्होंने अगले 20 वर्षों के लिए महत्वाकांक्षी एजेंडा तैयार करने और ग्लोबल गवर्नेंस में सुधार की जरूरत पर भी जोर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि ब्रिक्स की अध्यक्षता के दौरान रेजिलियंस, इनोवेशन, कोऑपरेशन और सस्टेनेबिलिटी भारत की प्राथमिकताएं रही हैं। कोशिश की गई कि ब्रिक्स सहयोग को केवल सरकारों तक सीमित न रखा जाए, बल्कि इसे आम लोगों से भी जोड़ा जाए। इसी उद्देश्य से 350 से ज्यादा बैठकों का आयोजन किया गया और करीब 30 शहरों में सदस्य देशों की टीमों का स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री ने ब्रिक्स की अध्यक्षता में सहयोग देने के लिए सभी सदस्य देशों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस साल का शिखर सम्मेलन ऐतिहासिक है, क्योंकि ब्रिक्स अपनी 20वीं वर्षगांठ मना रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले दो दशकों में ब्रिक्स ने वैश्विक मंच पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। इसकी सबसे बड़ी ताकत यह है कि सदस्य देश एक-दूसरे के दृष्टिकोण का सम्मान करते हैं और सहमति के आधार पर आगे बढ़ते हैं। उन्होंने कहा, हम सभी को साथ लेकर आगे बढ़ने का प्रयास करते हैं। अब समय आ गया है कि ब्रिक्स में मौजूद हमारी एकता और सहमति को वैश्विक मंच पर ठोस परिणामों में बदला जाए।



"एआई, क्रिटिकल तकनीक, आदि भविष्य की नीति और नियम तय कर रहे हैं। हमें ग्लोबल साउथ को रूल मेकर बनाने पर ध्यान केंद्रित करना होगा। यदि भविष्य हमारा है, तो इसका निर्णय लेने का अधिकार भी हमारा होना चाहिए।"
*नरेंद्र मोदी, ब्रिक्स सम्मेलन में संबोधन*

प्रधानमंत्री ने कहा कि ब्रिक्स को आने वाले दो दशकों के लिए महत्वाकांक्षी एजेंडे पर काम करना होगा। इसकी शुरूआत संगठन के अपने कामकाज के तरीके में सुधार से होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स की अध्यक्षता हर साल बदलती है, लेकिन इसके कारण संगठन की संस्थागत प्रगति प्रभावित नहीं होनी चाहिए। इसके लिए ऐसी मजबूत व्यवस्था बनाने की जरूरत है, जिससे अध्यक्षता बदलने के बावजूद फैसलों और पहलों में निरंतरता बनी रहे। पीएम मोदी ने वैश्विक संस्थाओं में सुधार का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि मौजूदा ग्लोबल गवर्नेंस स्ट्रक्चर एक पिरामिड की तरह है, जिसमें सत्ता और फैसले लेने की ताकत शीर्ष पर कुछ देशों और संस्थाओं के हाथों में केंद्रित है। उन्होंने कहा कि पिरामिड के निचले हिस्से में वे देश हैं, जो इन फैसलों से सीधे प्रभावित होते हैं, लेकिन आकार या प्रभाव कम होने की वजह से निर्णय लेने की प्रक्रिया में उनकी पर्याप्त भागीदारी नहीं हो पाती। पीएम मोदी ने कहा कि ब्रिक्स को मजबूत करने के साथ-साथ ऐसी वैश्विक व्यवस्था तैयार करने की दिशा में काम करना होगा, जिसमें सभी देशों की आवाज को उचित प्रतिनिधित्व मिले। पीएम ने आगे कहा, मैं प्रस्ताव रखता हूं कि हम मिलकर ग्लोबल गवर्नेंस रिफॉर्म के 10 प्रपोजल तैयार करें, जिसे हम अगली समिट तक एक ब्रिक्स रिफॉर्म रोडमैप का रूप दे सकते हैं। इस रोडमैप को बनाने में हमें तीन मुख्य पहलुओं- रिप्रेजेंटेशन, रिस्पॉन्सिवनेस और रूल मेकिंग का ध्यान रखना होगा। पहला- रिप्रेजेंटेशन में यूएनएससी में सुधार अब टाला नहीं जा सकता। टैक्स बेस्ड नेगोशिएशन से हमें इस जोड़ना होगा। वित्तीय संस्थानों में वोटिंग पावर, इकोनॉमिक नीति आज की असलियत के आधार पर होनी चाहिए। जो देश ग्लोबल इकोनॉमिक को गति देते हैं उन्हें उचित भूमिका मिलनी चाहिए। वैश्विक संस्थानों में तभी लोगों का विश्वास बनेगा, जब हम कलेक्टिव रिस्पॉन्स पर ध्यान देंगे। सीफेयर का वैश्विक व्यापार में बड़ा योगदान है। लेकिन अक्सर उन्हें मुश्किल आती है।

# नीलगिरी ऑयल के धनिया पावडर और एक्वाग्री प्रोसेसिंग के 'असुरक्षित और कीटनाशक अवशेष' ज्यादा, 2 उत्पादों को हटाना होगा तत्काल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने उपभोक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। नियामक ने 2 कंपनियों, निलगिरी ऑयल एंड एलाइड इंडस्ट्रीज और एक्वाग्री प्रोसेसिंग, को अपने दो उत्पादों को तुरंत बाजार से वापस बुलाने का निर्देश दिया है। इन उत्पादों में उच्च कीटनाशक अवशेष और सुरक्षा संबंधी चिंताएं पाई गई हैं। एफएसएसएआई ने बीते शनिवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से इस कार्रवाई की जानकारी दी।

### एफएसएसएआई ने उपभोक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने उठाया बड़ा कदम उठाया

### प्रयोगशाला परीक्षण और मूल्यांकन के बाद की कार्रवाई

एफएसएसएआई ने इन फूड बिजनेस ऑपरेटर्स को वापसी के आदेश जारी किए हैं। यह कार्रवाई प्रयोगशाला परीक्षण और मूल्यांकन के बाद की गई है। निलगिरी ऑयल एंड एलाइड इंडस्ट्रीज के 'शालीमार्स शेफ- धनिया पाउडर' में कीटनाशक अवशेष निर्धारित मानकों से अधिक मिले। वहीं, एक्वाग्री प्रोसेसिंग के 'कैरागीनन' उत्पाद को सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण वापस लेने को कहा गया है। एफएसएसएआई द्वारा 'कैरागीनन' के नमूने में कैडमियम की मात्रा असंतोषजनक पाई गई। यह उत्पाद निर्धारित विशिष्टताओं के अनुरूप नहीं था। खाद्य विश्लेषक ने दोनों नमूनों को 'असुरक्षित' घोषित किया। दोबारा परीक्षण में भी परिणाम वही रहे। नियामक ने कहा कि इन उत्पादों का निर्माण एफएसएस अधिनियम, 2006 के प्रावधानों का उल्लंघन करता है।




**कैडमियम की मात्रा अधिक पाई गई :** एफएसएसएआई ने नीलगिरी ऑयल एंड एलाइड इंडस्ट्रीज को 'शालीमार्स शेफ - धनिया पाउडर' को तत्काल वापस बुलाने का आदेश दिया है। कंपनी के परिसर से लिए गए इस धनिया पाउडर के नियामक नमूने में कीटनाशक अवशेष निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं थे। इसे असुरक्षित पाया गया। इसी तरह, एक्वाग्री प्रोसेसिंग को अपने 'कैरागीनन' उत्पाद को बाजार से हटाने का निर्देश मिला है।

### उपभोक्ताओं को सुरक्षित भोजन उपलब्ध कराना ही हमारा लक्ष्य

एफएसएसएआई ने खाद्य कारोबार संचालकों के खिलाफ प्रवर्तन कार्रवाई तेज की है। नियामक का उद्देश्य उपभोक्ताओं को सुरक्षित भोजन उपलब्ध कराना है। एफएसएसएआई अपनी इन कार्रवाइयों को सोशल मीडिया मंचों पर भी साझा कर रहा है। नियामक ने ऊर्जा पेय और मादक पेय बनाने वाली कंपनियों पर भी शिकंजा कसा है। कई पांच सितारा होटलों को भी नोटिस जारी किए गए हैं।

### नमूनों का दोबारा परीक्षण कराया

खाद्य नियामक ने इन उत्पादों के नियामक नमूने लिए थे। 'कैरागीनन' का नमूना फसाई के दक्षिणी क्षेत्र द्वारा लिया गया था। 'शालीमार्स शेफ - धनिया पाउडर' का नमूना कंपनी के परिसर से लिया गया। दोनों नमूनों का प्रयोगशाला में परीक्षण किया गया। प्रारंभिक परीक्षण में ही वे असुरक्षित पाए गए। इसके बाद दोबारा परीक्षण भी किया गया, जिसमें भी वही असंतोषजनक परिणाम सामने आए। इनके आधार पर वापसी के आदेश दिए।

## मैनपुरी और मथुरा तरसे, आगरा-फिरोजाबाद में जमकर हुई बारिश; मौसम विभाग ने जारी किए आंकड़े

मथुरा

इस साल मानसून में आगरा मंडल के चारों जिलों में बारिश का ग्राफ असमान रहा। बारिश के आंकड़ों में मथुरा में सामान्य से 37 फीसदी और मैनपुरी में 39 फीसदी कम बारिश दर्ज की गई, जबकि आगरा और फिरोजाबाद में मेघ अधिक मेहरबान रहे। भारतीय मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, मथुरा में एक जून से आठ सितंबर तक 275.3 मिलीमीटर बारिश हुई, जबकि सामान्य वर्षा 439.9 मिलीमीटर है।

इस तरह जिले में सामान्य से 164.6 मिलीमीटर कम बारिश हुई। मंडल में मथुरा से भी खराब स्थिति मैनपुरी की रही। यहां 353.6 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, जबकि सामान्य वर्षा 575.1 मिलीमीटर होनी चाहिए थी। यहां भी सामान्य से 39 फीसदी कम बारिश हुई। हालांकि आगरा में भी सामान्य से अधिक बारिश हुई, लेकिन अंतर कम रहा। जिले में 498.6 मिलीमीटर बारिश दर्ज हुई, जबकि सामान्य वर्षा 472.8 मिलीमीटर है। फिरोजाबाद में मानसून मेहरबान रहा। यहां 665.3 मिलीमीटर बारिश हुई, जबकि सामान्य वर्षा 508.7 मिलीमीटर दर्ज है। यानी इस साल 31 फीसदी अधिक बारिश दर्ज की गई है। सामान्य से अधिक बारिश के आधार पर फिरोजाबाद प्रदेश में नौवें स्थान पर रहा, जबकि आगरा, मथुरा और मैनपुरी में कम बारिश हुई।



## सम्पादकीय

# भारत खुश तो है, लेकिन अधूरा, हैप्पीनेस इंडेक्स में अभी भी पिछड़ा



इसमें कोई दोराय नहीं कि रोजी-रोटी की जद्दोजहद और भागदौड़ की जिंदगी में तनाव बढ़ा है। आर्थिक चुनौतियां भी गहरी हुई हैं। जीवन में आ रहीं जटिलताएं कैसे कम हों, इस पर सोचना होगा। वैश्विक खुशहाली सूचकांक हमारी सरकार के लिए भी एक आईना है। जीवन की तमाम समस्याओं के बीच हर मनुष्य खुश रहना चाहता है। इसके लिए वह कुछ भी करने के लिए तैयार हो जाता है। खुश रहने की यह होड़ दुनिया भर के देशों में है। लेकिन यह किस हद तक संभव हो पाता है? यह तथ्य है कि दुनिया के चंद देश ही अपने नागरिकों की खुशहाली की चिंता करते हैं। भारत जैसे बड़ी आबादी वाले देशों के सामने कई चुनौतियां हैं। बेरोजगारी, महंगाई और महंगे होते इलाज से जूझते लोगों में निराशा जरूर पैदा होती है, पर संघर्षों के बीच भी वे अपनी खुशियां तलाश ही लेते हैं। वैश्विक खुशहाली सूचकांक 2025 में भारत ने पिछले साल के मुकाबले अपनी स्थिति बेहतर की है, लेकिन इससे बहुत ज्यादा खुश होने की जरूरत नहीं है। दरअसल, हम अब भी नेपाल, पाकिस्तान, यूक्रेन और फिलीस्तीन से पीछे हैं। दूसरी ओर फिनलैंड है, जो लगातार आठ वर्षों से दुनिया का सबसे खुशहाल देश बना हुआ है। इस सूचकांक में पिछड़ने वाले देशों को डेनमार्क और स्वीडन से भी यह सीखने की जरूरत है कि वहां लोग कैसे और क्यों खुशहाल हैं। जीवन में बदलाव लाने की कई योजनाएं लागू होने के बाद विश्व का सबसे युवा देश होने पर भी भारत खुशहाल क्यों नहीं, इस पर नीतियां बनाने वालों को सोचना होगा। इसमें कोई दोराय नहीं कि रोजी-रोटी की जद्दोजहद और भागदौड़ की जिंदगी में तनाव बढ़ा है। आर्थिक चुनौतियां भी गहरी हुई हैं। जीवन में आ रहीं जटिलताएं कैसे कम हों, इस पर सोचना होगा। वैश्विक खुशहाली सूचकांक हमारी सरकार के लिए भी एक आईना है। यह गौर करने की जरूरत है कि दूसरे देशों से खुशहाली में हम क्यों पीछे हैं? क्या योजनाओं और नीतियों में कोई कमी रह गई, जिसकी वजह से खुशहाली जमीनी स्तर पर नहीं उतर रही? सच है कि पश्चिमी पैमाने पर भारतीयों की खुशियों को नहीं मापा जा सकता। दुख-सुख के बीच यहां लोग थोड़े में गुजारा करते हुए अपनी खुशियां तलाश लेते हैं। मगर इसके लिए अवसर को आसान बनाने की जिम्मेदारी सरकारों की होती है। नागरिकों को सुरक्षित वातावरण और विकास के समान अवसर मिलेंगे, तो खुशियां उनके चेहरे पर निस्संदेह चमकेंगी।



सुशील कुमार सिंह प्रधान संपादक

# ई-बाजार: सुविधा से आगे टिकाऊ अर्थव्यवस्था की नई चुनौती

ललित गर्ग






भारत में खरीदारी की दुनिया जिस तेजी से बदल रही है, वह केवल बाजार की शैली में परिवर्तन नहीं है, बल्कि उपभोक्ता व्यवहार, रोजगार, तकनीक, छोटे व्यापार और अर्थव्यवस्था की पूरी संरचना में हो रहे बदलाव का संकेत है। हाल में शोध परामर्श संस्था इन्फिसम की रिपोर्ट ने इस परिवर्तन को एक स्पष्ट आंकड़े में सामने रखा है। उसके अनुसार भारत का ई-बाजार 2024 के लगभग 125 अरब डॉलर से बढ़कर 2030 तक करीब 345 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। यानी छह वर्षों में लगभग तीन गुना विस्तार। इसके लिए लगभग 18.4 प्रतिशत की वार्षिक चक्रवृद्धि वृद्धि दर का अनुमान लगाया गया है। लेकिन इस आंकड़े को केवल बाजार की सफलता के रूप में देखना पर्याप्त नहीं होगा। असली प्रश्न यह है कि इतनी तेज वृद्धि भारतीय अर्थव्यवस्था, रोजगार, उपभोक्ता अधिकार, छोटे व्यापार और पर्यावरण के लिए किस तरह का भविष्य बनाएगी। ई-बाजार की अगली कहानी केवल अधिक बिक्री की नहीं, बल्कि अधिक विवेकपूर्ण और अधिक टिकाऊ विकास की होनी चाहिए।

ई-बाजार का सबसे बड़ा परिवर्तन यह है कि उसने दुकान को स्थान से निकालकर व्यक्ति की हथेली तक पहुंचा दिया है। पहले ग्राहक बाजार जाता था, अब बाजार ग्राहक के मोबाइल में पहुंच गया है। दुकान खुलने और बंद होने का समय समाप्त हो रहा है। भौगोलिक दूरी का महत्व घट रहा है और सुविधा खरीदारी का सबसे बड़ा आकर्षण बनती जा रही है। इसी कारण ऑनलाइन खरीदारी अब केवल महानगरों की सुविधा नहीं रही। छोटे शहर और कस्बे इसके नए केंद्र बन रहे हैं। हालिया अध्ययन के अनुसार नए प्रत्यक्ष-से-उपभोक्ता आदेशों का लगभग 66 प्रतिशत हिस्सा दूसरे और तीसरे स्तर के शहरों से आ रहा है। यह परिवर्तन भारत की आर्थिक संरचना के लिए विशेष महत्व रखता है। महानगरों के बाद अब छोटे शहरों का उपभोक्ता बाजार की अगली शक्ति बन रहा है। स्थानीय भाषा में सामग्री, क्षेत्रीय पसंद, छोटे व्यापारियों की डिजिटल उपस्थिति और कम लागत वाली आपूर्ति व्यवस्था आने वाले वर्षों में ई-बाजार के विस्तार को गति दे सकती है। इसलिए भविष्य का ई-बाजार केवल तकनीक का बाजार नहीं होगा, बल्कि भारत की विविध भाषाओं, संस्कृतियों और स्थानीय आवश्यकताओं को समझने वाला बाजार होगा। इस बदलाव में नई पीढ़ी की भूमिका निर्णायक है। आज ऑनलाइन खरीदारों में नई पीढ़ी की हिस्सेदारी लगभग एक-तिहाई बताई जा रही है और अनुमान है कि 2030 तक यही वर्ग डिजिटल खर्च का सबसे बड़ा समूह बन सकता है। यह केवल उम्र का परिवर्तन नहीं है, यह उपभोग की मानसिकता का परिवर्तन है। नई पीढ़ी विकल्पों की तुलना करती है, मूल्य की जांच करती है, दूसरे ग्राहकों की राय पढ़ती है और सुविधा को बहुत महत्व देती है। उसके लिए खरीदारी केवल वस्तु प्राप्त करना नहीं, बल्कि समय बचाना भी है। यही मानसिकता त्वरित वाणिज्य को असाधारण गति दे रही है। कुछ वर्ष पहले कुछ मिनटों में सामान पहुंचाने की कल्पना असंभव लगती थी, आज यह महानगरों से निकलकर छोटे शहरों तक पहुंच रही है। अनुमान है कि 2030 तक त्वरित वाणिज्य का बाजार 65 से 70 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है और अगले पांच वर्षों में ई-बाजार की अतिरिक्त वृद्धि में इसका योगदान 45 से 50 प्रतिशत तक हो सकता है। इसके साथ छोटे स्थानीय भंडार केंद्रों की संख्या 2025 के लगभग 2,525 से बढ़कर 2030 तक करीब 7,500 होने का अनुमान है।

लेकिन यहां एक गंभीर प्रश्न भी खड़ा होता है-क्या हर वस्तु को कुछ मिनट में घर पहुंचाना वास्तव में प्रगति का अंतिम मानक है? यदि उपभोक्ता को पांच मिनट में सामान मिल जाए, लेकिन उस सुविधा के पीछे अत्यधिक पैकेजिंग, अधिक यातायात, अधिक ऊर्जा खपत, अस्थिर रोजगार और लगातार घाटे का व्यापार हो, तो ऐसी गति को कितने समय तक टिकाऊ कहा जा सकता है? इसलिए आने वाले समय में ई-बाजार की सफलता को केवल वितरण की गति से नहीं, बल्कि उसके सामाजिक और आर्थिक संतुलन से भी मापना होगा। प्रौद्योगिकी इस पूरी व्यवस्था को और गहराई से बदलने वाली है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता ग्राहक की पसंद को समझकर उत्पाद सुझाएगी, संवाद आधारित खरीदारी ग्राहक को बातचीत के माध्यम से निर्णय लेने में सहायता देगी और आभासी परीक्षण से वस्त्र, सौंदर्य सामग्री तथा अन्य उत्पादों को खरीदने का अनुभव बदल सकता है। एक हालिया अध्ययन के अनुसार कृत्रिम बुद्धिमत्ता और यंत्र-अधिगम 2030 तक खुदरा उत्पादकता में 35 से 37 प्रतिशत तक सुधार ला सकते हैं। इससे आगे एक और बड़ा परिवर्तन संभव है। आज ग्राहक स्वयं वस्तु खोजता है, कल कृत्रिम बुद्धिमत्ता उसके लिए खोज, तुलना और चयन का बड़ा हिस्सा कर सकती है। अर्थात बाजार में सबसे बड़ा प्रतिस्पर्धी केवल वह कंपनी नहीं होगी जिसके पास अधिक उत्पाद हैं, बल्कि वह होगी जो ग्राहक की आवश्यकता को उससे पहले समझ सके। यह सुविधा जहां समय बचाएगी, वहीं उपभोक्ता की स्वतंत्र पसंद, निजता और आंकड़ों की सुरक्षा से जुड़े नए प्रश्न भी पैदा करेगी।

ई-बाजार का विस्तार परंपरागत दुकानदार के लिए भी बड़ी चुनौती है। ऑनलाइन कीमतों की तुलना करने वाला ग्राहक अब दुकान पर भी अधिक जागरूक होकर पहुंचता है। लेकिन इसे केवल ऑनलाइन बनाम ऑफलाइन संघर्ष के रूप में देखना गलत होगा। भविष्य का सफल व्यापारी संभवतः दोनों का मेल करेगा। स्थानीय दुकानदार डिजिटल माध्यम से आदेश ले सकता है, घर तक सामान पहुंचा सकता है और अपने पुराने ग्राहक संबंधों को तकनीकी सुविधा से जोड़ सकता है। इस प्रकार ई-बाजार परंपरागत बाजार का अंत करने के बजाय उसे नए रूप में ढाल सकता है। दूसरी ओर रोजगार का प्रश्न भी महत्वपूर्ण है। ई-बाजार ने वितरण, भंडारण, पैकिंग, तकनीकी सेवाओं और घरेलू आपूर्ति में लाखों अवसर पैदा किए हैं, लेकिन काम की गुणवत्ता, मेहनताना, सामाजिक सुरक्षा और कार्यस्थल की सुरक्षा को लेकर प्रश्न बने हुए हैं। यदि आर्थिक वृद्धि का लाभ केवल कंपनियों और निवेशकों तक सीमित रह जाए और अंतिम पंक्ति में काम करने वाले व्यक्ति को असुरक्षित रोजगार मिले, तो यह विकास अधूरा माना जाएगा।

पर्यावरण भी इसी बहस का महत्वपूर्ण पक्ष है। हर वस्तु की अलग पैकिंग, बार-बार होने वाली छोटी आपूर्ति और अत्यंत तेज वितरण से ऊर्जा उपयोग तथा अपशिष्ट बढ़ सकता है। इसलिए भविष्य का ई-बाजार पुनर्चक्रण योग्य पैकेजिंग, विद्युत वाहनों, सामूहिक वितरण और कम-अपशिष्ट आपूर्ति व्यवस्था की ओर बढ़े, तभी उसकी वास्तविक सामाजिक उपयोगिता सिद्ध होगी। एक और महत्वपूर्ण बदलाव यह है कि भविष्य की खरीदारी केवल कंपनियां नहीं, बल्कि सामग्री निमार्ता और सामाजिक माध्यमों से प्रभावित होगी। गूगल और डेलॉइट के 2026 के अध्ययन के अनुसार 2030 तक नई पीढ़ी ऑनलाइन खर्च का लगभग 45 प्रतिशत हिस्सा नियंत्रित कर सकती है और सामग्री निमार्ता कुल खुदरा खर्च के लगभग 30 प्रतिशत को प्रभावित कर सकते हैं। इसका अर्थ है कि विज्ञापन और खरीदारी के बीच की पुरानी दूरी तेजी से मिटेगी। विश्वास, अनुभव और सामाजिक प्रभाव वस्तु की कीमत जितने ही महत्वपूर्ण हो सकते हैं। इसलिए 2030 का ई-बाजार आज के ई-बाजार से बिल्कुल अलग होगा। वह केवल इंटरनेट पर बनी दुकान नहीं होगा, बल्कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्थानीय भाषाओं, डिजिटल भुगतान, त्वरित वितरण, सामाजिक प्रभाव और व्यक्तिगत सुझावों से निर्मित एक विशाल आर्थिक पारिस्थितिकी तंत्र होगा। अनुमान है कि दशक के अंत तक ई-बाजार भारत के कुल खुदरा खर्च का 10 से 12 प्रतिशत और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में लगभग 2.5 प्रतिशत योगदान कर सकता है तथा 42 से 44 करोड़ ऑनलाइन खरीदारों तक पहुंच सकता है। फिर भी हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि बाजार का आकार जितना बड़ा होगा, उसकी जिम्मेदारी भी उतनी ही बड़ी होगी। ई-बाजार की असली परीक्षा यह नहीं है कि वह कितनी तेजी से बढ़ता है, बल्कि यह है कि वह कितने लोगों को साथ लेकर बढ़ता है। यदि तकनीक सुविधा दे, छोटे व्यापारी अवसर पाएं, उपभोक्ता सुरक्षित रहे, कामगार को सम्मानजनक रोजगार मिले, पर्यावरण पर बोझ घटे और कंपनियां टिकाऊ मुनाफे के साथ आगे बढ़ें, तभी यह विस्तार वास्तविक आर्थिक प्रगति कहलाएगा। भारत के ई-बाजार के सामने इसलिए एक बड़ा अवसर और एक बड़ी चेतावनी दोनों हैं। 345 अरब डॉलर का लक्ष्य आकर्षक है, लेकिन उससे भी महत्वपूर्ण है उस बाजार की गुणवत्ता। हमें ऐसा ई-बाजार चाहिए जो केवल खरीदारी को तेज न बनाए, बल्कि भारतीय अर्थव्यवस्था को अधिक समावेशी, अधिक विश्वसनीय, अधिक मानवीय और अधिक टिकाऊ बनाए। आने वाले वर्षों में जीत उसी की होगी जो ग्राहक को केवल वस्तु नहीं, विश्वास, सुविधा और मूल्य-तीनों एक साथ दे सके। यही ई-बाजार की अगली और सबसे महत्वपूर्ण क्रांति होगी।

# उत्तर प्रदेश में सनातन और विकास की गूंज

मृत्युंजय दीक्षित

उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनावों की आहट के साथ ही सभी राजनैतिक दलों ने अपना गुणा-भाग करके उसके आधार पर पिच बनानी आरम्भ कर दी है। अभी तक जो राजनैतिक अनुमान सामने आए हैं उसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी गठबंधन की बढ़त स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ रही है। उधर सपा मुखिया अखिलेश यादव और कांग्रेस के मध्य सीटों के तालमेल पर अभी अंतिम निर्णय नहीं हो सका है जिसके कारण इंडी गठबंधन के कार्यकताओं में भ्रम व असमंजस की स्थिति बनी हुई है। चुनावी तैयारी करते हुए सपा ने कार्यकताओं की ड्रेस का रंग भी बदल डाला है।

भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े ने अपना कार्यभर संभाल लिया है और अपने इरादे भी स्पष्ट कर दिए हैं। भाजपा ने 2027 के लिए अपना लक्ष्य निर्धारित कर लिया है। प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े ने स्पष्ट रूप से कहा कि हमें हर बूथ को मजबूत करना होगा। कोई बूथ छूटना नहीं चाहिए। सभी जातियों को साधने का मंत्र दिया गया है। संख्या चाहे कम हो या ज्यादा लेकिन कोई जाति अछूती न रहे। हमें सबको जोड़ना होगा। भाजपा ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि प्रदेश का चुनाव मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व व उनके चेहरे पर ही लड़ा जाएगा। यही कारण है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पाती के माध्यम से, मंच से तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से भी जनता के साथ संवाद बढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी का जनता दरबार तो नियमित है ही। वह अयोध्या, मथुरा, काशी की भूमि से सनातन का संदेश भी दे रहे हैं। योगी स्वयं बाढ़ प्रभारवित क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं और पीड़ितों से मिल रहे हैं। योगी ने सार्वजनिक संवाद के मंचीय भाषण और योजनाओं के शुभारंभ से आगे बढ़कर युवाओं, छात्रों ,लाभार्थियों से संवाद का विस्तार किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मथुरा का दो दिवसीय दौरा कर स्पष्ट संकेत दे दिया है कि अयोध्या में दिव्य व भव्य राम मंदिर का निर्माण पूर्णता



की ओर अग्रसर है और अब श्रीकृष्ण की जन्मभूमि की मुक्ति का समय आ गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस बार श्री कृष्ण जन्माष्टमी के माध्यम से अवध से लेकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश तक समस्त क्षेत्र को सनातन के रंग में रंग दिया और अपने मतदाता को बता दिया कि अब अगला चरण श्रीकृष्ण जन्मभूमि की मुक्ति का ही है। मथुरा में मुख्यमंत्री योगी ने दो दिन बिताए। परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करते हुए सपा सरकार के काले कारनामों को उजागर किया और समा बांध दिया। अपने भाषण में योगी ने कहा कि प्रदेश में 2017 के पूर्व उत्सव नहीं उपद्रव होता था। पूर्व की सरकार दंगाइयों को सम्मान देती थी।अब दंगामुक्त प्रदेश में भारी संख्या में पर्यटक व श्रद्धालु आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सनातन की आभा निरंतर बढ़ रही है।आज काशी विश्वनाथ धाम भव्यता और आधुनिक सुविधाओं के लिए जाना जा रहा है। अयोध्या में बाबर ने 128 में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर को तोड़कर गुलामी का ढांचा बनवा दिया लेकिन इससे रामनवमी, पंचकोसी, 14 कोसी और 84 कोसी परिक्रमा सावन का झूला मेला नहीं रुका। सनातन की आभा निंरतर बढ़ती रही और संघर्षों का जज्बा पैदा करती रही। इसी का परिणाम है कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम का दिव्य व भव्य मंदिर बन गया है। मुख्यमंत्री मथुरा में दो दिन श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाने के बाद लखनऊ में रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित जन्माष्टमी कार्यक्रम में शामिल हुए और फिर उन्होंने गोरखपुर में भी जन्माष्टमी समारोह मे भाग लेकर हिंदू समाज को स्पष्ट संकेत दिया कि भाजपा की योजना इस बार मंडल व कमंडल दोनों को अपने में समाहित कर लेने की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जहां सनातन की आभा बढ़ रही है वहीँ विकास की गूंज भी लगातार सुनाई दे रही है। भाजपा सरकार अपनी योजनाओं के माध्यम से उन सभी वर्गो को खुश करने का प्रयास कर रही है जो उसके वोट प्रतिशत को बढ़ाने में सहायक है। प्रदेश के शिक्षकों के लिए सुविधाओं की घोषणा, 60 वर्ष की ऊपर की महिलाओं को निःशुल्क बस यात्रा की सुविधा तथा समाजिक पेंशन में वृद्धि के बाद अब आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों तथा सेविकाओं का मानदेय भी बढ़ाने की घोषणा कर दी गई है। आंगनबाड़ी सेविकाओं का मानदेय 8 हजार से बढाकर 12 हजार कर दिया गया हैजबकि सहायिका का मानदेय 6 हजार की जगह 8 हजार कर दिया गया है। इसके अलावा 5 लाख तक का कैशलेस इलाज, स्मार्टफोन तथा साड़ियों की संख्या भी बढ़ा दी गई है।

अयोध्या में हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने सपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आज से 9 वर्ष पूर्व आंगनबाड़ी केंद्र जर्जर हालात में थे और बच्चे खुद टाट पट्टी लेकर पढ़ने के लिए आते थे, आंगनबाड़ी केंद्र अस्त व्यस्त रहते थे, समय से पोषाहार नहीं मिलता था । इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने आंगनबाड़ी कार्यकताओं तथा सेविकाओं को सम्मानित भी किया। योगी ने यहां पर भी सनातन को जोड़ लिया और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सेविकाओं की तुलना माता यशोदा से करी। उन्होंने कहाकि सपा व कांग्रेस इस बात से हैरान है कि रैन बसेरा निषादराज के नाम से कैसे बन गया ? यहां के भोजनालय शबरी माता के नाम से कैसे बन गए? अयोध्याधाम में रामलला विराजमान होने को लेकर पूरी दुनिया में उत्साह है किंतु सपा और कांग्रेसी खेमे में वीरानी छाई हुई है। वे भौंचक हैं कि अयोध्या धाम में रामलला का मंदिर कैसे बन गया। वे समझ नहीं पा रहे हैं कि अयोध्या में रेलवे स्टेशन का विकास कैसे हो गया तथा सड़केन कैसे चौड़ी हो गयीं। महर्षि वाल्मीकि के नाम पर इतना बड़ा इंटरनेशनल एसरपोर्ट कैसे बन गया? आगामी विधनसभा चुनावों के लिए भाजपा ने कमर कस ली है और वह हर वर्ग व जाति को साधते हुए सधे हुए कदमों से आगे बढ़ रही है इसके इतर समाजवादी पार्टी और इंडी गठबंधन सीटों के तालमेल पर ही अटका है।

## लघुकथा

# यादों का बैंक

शहर में एक नया बैंक खुला–यादों का बैंक। यहाँ लोग पैसे नहीं, अपनी यादें जमा करते थे। खुशियों की यादों पर अच्छा ब्याज मिलता था, जबकि दुखद यादें हटाने के लिए लोग फीस देते थे। एक दिन पचपन वर्षीय अजित वहाँ पहुँचा। उसने अपनी सबसे प्रिय याद जमा करने का फॉर्म भरा। कर्मचारी ने पूछा, कौन-सी याद? अजित मुस्कुराया, वह दिन, जब मेरा पाँच साल का बेटा पहली बार साइकिल चलाते हुए गिर पड़ा था। रोते-रोते फिर उठा और बोला–पापा, मैं हारूँगा नहीं। कर्मचारी चौंका, इतनी प्यारी याद क्यों जमा करना चाहते हैं? इस पर तो आपको अच्छा लाभ मिलेगा। अजित ने धीमे स्वर में कहा, इसीलिए। मेरा बेटा अब इस दुनिया में नहीं है। उसकी याद हर दिन मुझे रुलाती है। याद बैंक की मशीन ने स्मृति को उसके मन से निकाल लिया। अजित हल्का महसूस करने लगा। कुछ महीनों बाद वह फिर बैंक पहुँचा। इस बार उसके चेहरे पर बेचैनी थी। मुझे अपनी जमा की हुई याद वापस चाहिए, उसने कहा। लेकिन क्यों? आपने तो दर्द से छुटकारा पाने के लिए उसे जमा किया था। अजित की आँखें भर आईं। दर्द चला गया, पर उसके साथ मेरा बेटा भी चला गया। अब मैं रोता नहीं, लेकिन मुस्कुराता भी नहीं। समझ आया कि कुछ दुख बोझ नहीं होते, वे हमारे अपनों के आखिरी निशान होते हैं। बैंक ने उसकी याद लौटा दी। बाहर निकलते समय अजित की आँखों में आँसू थे, पर होंठों पर मुस्कान भी। उसे पहली बार लगा कि हर घाव भर जाना जरूरी नहीं; कुछ घाव ही हमें इंसान बनाए रखते हैं।



## कहानी

# बंदर का कलेजा

एक नदी किनारे हरा-भरा विशाल पेड था। उस पर खूब स्वादिष्ट फल उगे रहते। उसी पेड पर एक बदंर रहता था। बडा मस्त कलंदर। जी भरकर फल खाता, डालियों पर झूलता और कूदता-फांदता रहता। उस बंदर के जीवन में एक ही कमी थी कि उसका अपना कोई नहीं था। मां-बाप के बारे में उसे कुछ याद नहीं था न उसके कोई भाई थाऔर न कोई बहन, जिनके साथ वह खेलता। उस क्षेत्र में कोई और बंदर भी नहीं था जिससे वह दोस्ती गांठ पाता। एक दिन वह एक डाल पर बैठा नदी का नजारा देख रहा था कि उसे एक लंबा विशाल जीव उसी पेड की ओर तैरकर आता नजर आया। बंदर ने ऐसा जीव पहले कभी नहीं देखा था। उसने उस विचित्र जीव से पूछा अरे भाई, तुम क्या चीज हो? विशाल जीव ने उत्तर दिया मैं एक मगरमच्छ हूं। नदी में इस वर्ष मछ्लियों का अकाल पड गया हैं। बस, भोजन की तलाश में घूमता-घूमता इधर आ निकला हूं। बंदर दिल का अच्छा था। उसने सोचा कि पेड पर इतने फल हैं, इस बेचारे को भी उनका स्वाद चखना चाहिए। उसने एक फल तोडकर मगर की ओर फेंका। मगर ने फल खाया बहुत रसीला और स्वादिष्ट वह फटाफट फल खा गया और आशा से फिर बंदर की ओर देखने लगा। बंदर ने मुस्कराकर और फल फेकें। मगर सारे फल खा गया और अंत में उसने संतोष-भरी डकार ली और पेट थपथपाकर बोला धन्यवाद, बंदर भाई। खूब छक गया, अब चलता हूं। बंदर ने उसे दूसरे दिन भी आने का न्यौता दे दिया। मगर दूसरे दिन आया। बंदर ने उसे फिर फल खिलाए। इसी प्रकार बंदर और मगर में दोस्ती जमने लगी। मगर रोज आता दोनों फल खाते-खिलाते, गपशप मारते। बंदर तो वैसे भी अकेला रहता था। उसे मगर से दोस्ती करके बहुत प्रसन्नता हुई। उसका अकेलापन दूर हुआ। एक साथी मिला। दो मिलकर मौज-मस्ती करें तो दुगना आनन्द आता हैं। एक दिन बातों-बातों में पता लगा कि मगर का घर नदी के शूसरे तट पर हैं, जहां उसकी पत्नी भी रहती हैं। यह जानते ही बंदर ने उलाहन दिया मगर भाई, तुमने इतने दिन मुझे भाभीजी के बारे में नहीं बताया मैं अपनी भाभीजी के लिए रसीले फल देता। तुम भी अजीब निकट्ठू हो अपना पेट भरते रहे और मेरी भाभी के लिए कभी फल लेकर नहीं गए। उस शाम बंदर ने मगर को जाते समय ढेर सारे फल चुन-चुनकर दिए। अपने घर पहुंचकर मगरमच्छ ने वह फल अपनी पत्नी मगरमच्छनी को दिए। मगरमच्छनी ने वह स्वाद भरे फल खाए और बहुत संतुष्ट हुई। मगर ने उसे अपने मित्र के बारे में बताया। पत्नी को विश्वास न हुआ। वह बोली जाओ, मुझे बना रहे हो। बंदर की कभी किसी मगर से दोस्ती हुई हैं? मगर ने यकीन दिलाया यकीन करो भाग्यवान! वर्ना सोचो यह फल मुझे कहां से मिले? मैं तो पेड पर चढने से रहा। मगरनी को यकीन करना पडा। उस दिन के बाद मगरनी को रोज बंदर द्वारा भेजे फल खाने को मिलने लगे। उसे फल खाने को मिलते यह तो ठीक था, पर मगर का बंदर से दोस्ती के चक्कर में दिन भर दूर रहना उसे खलना लगा। खाली बैठे-बैठे ऊंच-नीच सोचने लगी। वह स्वभाव से दुष्टा थी। एक दिन उसका दिल मचल उठा जो बंदर इतने रसीले फल खाता हैं,उसका कलेजा कितना स्वादिष्ट होगा? अब वह चालें सोचने लगी। एक दिन मगर शाम को घर आया तो उसने मगरनी को कराहते पाया। पूछने पर मगरनी बोली मुझे एक खतरनाक बीमारी हो गई है। वैद्यजी ने कहा हैं कि यह केवल बंदर का कलेजा खाने से ही ठीक होगी। तुम अपने उस मित्र बंदर का कलेजा ला दो। मगर सन्न रह गया। वह अपने मित्र को कैसे मार सकाता हैं? न-न, यह नहीं हो सकता। मगर को इनकार में सिर हिलाते देखकर मगरनी जोर से हाय-हाय करने लगी तो फिर मैं मर जाऊंगी। तुम्हारी बला से और मेरे पेट में तुम्हारे बच्चे हैं। वे भी मरेंगे। हम सब मर जाएंगे। तुम अपने बंदर दोस्त के साथ खूब फल खाते रहना। हाय रे, मर गई... मैं मर गई। पत्नी की बात सुनकर मगर सिहर उठा। बीवी-बच्चों के मोह ने उसकी अक्ल पर पर्दा डाल दिया। वह अपने दोस्त से विश्वासघात करने, उसकी जान लेने चल पडा। मगरमच्छ को सुबह-सुबह आते देखकर बंदर चकित हुआ। कारण पूछने पर मगर बोला बंदर भाई, तुम्हारी भाभी बहुत नाराज हैं। कह रही हैं कि देवरजी रोज मेरे लिए रसीले फल भेजते हैं, पर कभी दर्शन नहीं दिए। सेवा का मौका नहीं दिया। आज तुम न आए तो देवर-भाभी का रिश्ता खत्म। तुम्हारी भाभी ने मुझे भी सुबह ही भगा दिया। अगर तुम्हें साथ न ले जा पाया तो वह मुझे भी घर में नहीं घुसने देगी। बंदर खुश भी हुआ और चकराया भी मगर मैं आऊं कैसे? मित्र, तुम तो जानते हो कि मुझे तैरना नहें आता। मगर बोला उसकी चिन्ता मत करो, मेरी पीठ पर बैठो। मैं ले चलूंगा न तुम्हें। बंदर मगर की पीठ पर बैठ गया। कुच दूर नदी में जाने पर ही मगर पानी के अंदर गोता लगाने लगा। बंदर चिल्लाया यह क्या कर रहे हो? मैं डूब जाऊंगा। मगर ने बंदर को कलेजे वाली सारी बात बता दी। बंदर हक्का-बक्का रह गया। उसे अपने मित्र से ऐसी बेइमानी की आशा नहीं थी। बंदर चतुर था। तुरंत अपने आप को संभालकर बोला ह्लवाह, तुमने मुझे पहले क्यों नहीं बताया? मैं अपनी भाभी के लिए एक तो क्या सौकलेजे दे दूं। पर बात यह हैं कि मैं अपना कलेजा पेड पर ही छोड आया हूं। तुमने पहले ही सारी बात मुझे न बताकर बहुत गलती कर दी हैं। अब जल्दी से वापिस चलो ताकि हम पेड पर से कलेजा लेते चलें। देर हो गई तो भाभी मर जाएगी। फिर मैं अपने आपको कभी माफ नहीं कर पाऊंगा। अक्ल का मोटा मगरमच्छ उसकी बात सच मानकर बंदर को लेकर वापस लौट चला। जैसे ही वे पेड के पास पहुंचे, बंदर लपककर पेड की डाली पर चढ गया और बोला मूर्ख, कभी कोई अपना कलेजा बाहर छोडता हैं? दूसरे का कलेजा लेने के लिए अपनी खोपडी में भी भेजा होना चाहिए। अब जा और अपनी दुष्ट बीवी के साथ बैठकर अपने कर्मों को रो। ऐसा कहकर बंदर तो पेड की टहनियों में लुप्त हो गया और अक्ल का दुश्मन मगरमच्छ अपना माथा पीटता हुआ लौट गया।

# कार्रवाई और कार्यवाही

संतोष उत्सुक

(व्यंग्य)

पहले कार्रवाई हो चुकी हो या निपटाई जा चुकी हो तब भी दोबारा कार्रवाई की जा सकती है। पिछली कार्रवाई स्वत निरस्त हो जाती है। अगर कागज पर लिखे पत्र भेजे जाएं और महत्त्वपूर्ण शब्दों और लाइनों पर पीला, लाल या पसंद का रंग हाई लाइनर के रूप में प्रयोग किया जाए तो कई बातें रंग बदल लेती हैं।

नकली बुद्धि पूरे विश्व में नैसर्गिक बुद्धि पर कब्जा करती जा रही है। इधर दुनिया और समाज के समझदार, खास लोग आम लोगों को चौकन्ना भी करते जा रहे हैं कि एआई यानी कृत्रिम बुद्धि पर ज्यादा विशवास न करें क्यूंकि यह भी गलती कर सकती है। लेकिन नकली बुद्धि ने यह बिलकुल सही बताया कि समाज या दफ्तर में अनुशासन बनाए रखने लिए नियमों के पालन के लिए, गलत काम करने वालों को सजा देकर अपराध रोकने के लिए और आम जनता की सुरक्षा और व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए कई किस्म की जरूरी कार्रवाई की जाती है।

मजेदार यह है कि कितनी ही परिस्थितियों में कार्रवाई की जगह सिर्फ कार्यवाही ही की जाती है क्यूंकि कार्रवाई मुश्किल काम होता है और कार्यवाही आसान। हमारे यहां कार्यवाही यानी



कामकाज और विचार विमर्श बहुत मेहनत, समयबद्ध तरीके से नियमानुसार और संवैधानिक आधार पर होता है जिसमें गलती की गुंजाईश काफी कम होती है। अगर गलती होती है तो प्राकृतिक कारणों से ही हुआ करती है, जैसे बरसात के मौसम में पानी का, बादलों की गलती से ज्यादा बरसना।

कार्यवाही, बेचारी समझे जानी वाली कागजी चीज होती है, जिसके बारे ज्यादा बात क्या करनी। कार्रवाई यानी किसी नियम, अनुशासन तोड़ने, गैर कानूनी काम करने वाले के खिलाफ सजा देने के लिए सख्त यानी कठोर प्रक्रिया अपनाना। जैसे पुलिस अपराधियों के खिलाफ हमेशा सख्त कदम उठाती है। वह बात अलग है कि कार्रवाई के दौरान जाति व्यवस्था, ऊंच नीच, शिक्षा अशिक्षा, अमीरी गरीबी, सामंती समाज को भी ससम्मान प्रवेश कराया जाता है। यह हमारे समाज के स्वादिष्ट मसाले हैं।

पहले कार्रवाई हो चुकी हो या निपटाई जा चुकी हो तब भी दोबारा कार्रवाई की जा सकती है। पिछली कार्रवाई स्वत निरस्त हो जाती है। अगर कागज पर लिखे पत्र भेजे जाएं और महत्त्वपूर्ण शब्दों और लाइनों पर पीला, लाल या पसंद का रंग हाई लाइनर के रूप में प्रयोग किया जाए तो कई बातें रंग बदल लेती हैं। कार्रवाई पूरे इत्मीनान से होनी चाहिए नहीं तो पानी के बिना सिर्फ दूध की कॉफी बन जाती है। कार्रवाई करना छोटा नहीं मोटा काम होता है। तस्सलीबख्स बाल काटने जैसा सतर्कता और जिम्मेदारी भरा काम होता है।

कार्रवाई के दौरान जांच किए गए प्रमाण और कागजात बार बार कई कोनों से देखने परखने जांचने पड़ते हैं तभी तो बाद में पाया जाता है कि जिस गाडी को ट्रक के रूप जांच लिया गया वह वास्तव में टू व्हिलर्स या थ्री व्हीलर हो सकता है। कार्रवाई पूरी तरह से व्यवस्थित करनी पड़ती है ताकि कई नाक कटने से बच जाएं क्यूंकि नाक की मरम्मत पर अथाह खर्च होता है। हालांकि राजनीतिक परम्परा के अनुसार कार्रवाई के दौरान आपदा में अवसर भी खोजे जा सकते हैं फिर भी असली नैसर्गिक बुद्धिमत्ता इसी में है कि कार्रवाई को कार्यवाही न समझा जाए।

# घर आने के बाद मोबाइल में पबजी गेम खेलता था वंश कश्यप

### कहीं पबजी गेम ही तो नहीं बना मौत की बजह, वंश के इलाज के लिए परिजनों ने नहीं दिखाई थी गंभीरता

**आईसीयू में भर्ती वंश को बिना रेफर कराए ही आगरा ले गए थे पिता**

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**मैनपुरी।** शहर के सुदिती ग्लोबल एकेडमी में हुई छात्र वंश कश्यप की संदिग्ध मौत की बजह कहीं पबजी गेम तो नहीं बना है। क्यो कि वंश के पबजी खेलने की बजह से माता-पिता भी परेशान थे, इस परेशानी को उन्होने घटना वाले दिन सैफई पीजीआई में सार्वजनिक भी किया था, घटना वाले दिन वंश ने पिता से 11.30 बजे स्कूल से ले आने के लिए कहा था, लेकिन पिता ने दो बजे के बाद लाने के लिए कह दिया था। जिसके बाद वंश क्लास में बैठने के बाद भी परेशान दिखाई दिया था, जिसका सीसीटीवी वीडियो भी जारी किया गया था।

कोतवाली सदर क्षेत्र निवासी 14 बर्षीय कक्षा 9 के छात्र वंश कश्यप पुत्र केशव कश्यप की 22 नबंवर 2025 को सुबह 8.40 के करीब शहर के सुदिती ग्लोबल एकेडमी में दूसरी मंजिल से गिरने से मौत हो गई थी। 22 नंबवर की सुबह वंश रोज भी भांति विद्यालय गया हुआ था, जिसके बाद वह अपने क्लास में चला जाता है, जहां पर वह परेशान होकर कई सीट चेंज करता है। जिसके बाद वॉशरुम की कहकर क्लास से निकल जाता है जो फिर वापस नहीं आता है। जिसके बाद वह दूसरी मंजिल पर चला जाता है जहां से गिरने के बाद वह गंभीर रुप से घायल हो गया था, प्रबंध निदेशक लव मोहन ने उसे प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां से सैफई में भर्ती कराया था, जहां पर वंश को आईसीयू में रखा गया था, वंश के इलाज के लिए चिकित्सको की टीम लगातार देखरेख कर रहीं थी।

इस घटना के बाद 22 नबंवर 2025 का सैफई पीजीआई का एक वीडियो सामने आया है जिसमें वंश के पिता केशव कहते हुए नजर आ रहे है कि वंश जब सुबह घर से निकला था तो उसने पिता से कहा था कि परीक्षा चल रही है, 11.30 पर पेपर छूट जाएगा, तो आप मुझे विद्यालय से घर ले आना, जिसके बाद पिता ने कहा था कि जब छुट्टी 2 बजे होती है तो वह 2 बजे के बाद ही लेने आएगे, पिता बाद में कहते है कि वंश घर आ जाएगा, मोबाइल पर पबजी गेम खेलेगा, जिसकी बजह से पिता ने लाने से मना कर दिया था, शायद इसी बजह से वंश स्कूल में परेशान दिख रहा था, उसे पबजी गेम खेलने की लत थी।

#### वंश के इलाज में नहीं दिखी परिजनो की गंभीरता

दूसरी मंजिल से गिरने के बाद जब वंश को सैफई पीजीआई में भर्ती कराया गया था, प्रबंध निदेशक लव मोहन मौके पर ही थें, वह बताते है कि पीजीआई में वंश की हालत बहुत ही नाजुक होने के बाद उसे आईसीयू में भर्ती किया गया था, शाम के समय बिना रेफर कराए ही पिता केशव वंश को एबूंलेंस से आगरा के लिए ले जा रहे थें, डीजल लव मोहन पर डलवाने के लिए उनके इंतजार में एबूंलेंस को करीब 15 मिनट तक खड़ा भी रखा गया था, जबकि परिजन वंश को आईसीयू में से लेकर आए थें। वंश के इलाज में परिजनो ने अगर गंभीरता दिखाई होती तो एंबूलेंस को खड़ा नही किया जाता।

#### पबजी गेम खेलने से हुई घटनाएं

मेरठ में इसी बर्ष फरवरी माह में 22 वर्षीय मोहम्मद कैफ की लगातार घंटों हेडफोन लगाकर पबजी खेलते समय अचानक बीपी (ब्लड प्रेशर) 300 के पार पहुंचने पर दिमाग की नस फटने (ब्रेन हेमरेज) से मौत हो गई थी। बागपत में जनवरी 2026 में पबजी गेम की लत के कारण एक किशोर (मूल निवासी मध्य प्रदेश, रामा आयुर्विज्ञान संस्थान परिसर) ने कमरे में फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली थी। तेलंगाना में 20 साल के एक छात्र की 45 दिन लगातार ऑनलाइन गेम खेलने, गर्दन में गंभीर दर्द और स्वास्थ्य बिगड़ने से मौत हो गई थी।

#### क्या बोले सीओ सिटी

वंश कश्यप मौत मामले में अभी कुछ भी कहा नहीं जा सकता हैं, अभी पुलिस की जांच चल रहीं है। इस मामले में जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। मामले की जांच पुलिस द्वारा हर पहलू पर की जा रही है।- अशोक कुमार सिंह, सीओ सिटी।

# भारोत्तोलन प्रतियोगिता मे फिरोजाबाद और मैनपुरी का दबदबा

### नेशनल इंटर कॉलेज मंडलीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता का शुभारम्भ

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**भोगांव/मैनपुरी।** प्रधानाचार्य सुलक्षणा शर्मा ने कहा है कि खेल केवल हार-जीत का नाम नहीं हैं, बल्कि यह युवाओं के भीतर अनुशासन, कठिन परिश्रम और टीम भावना का संचार करते हैं। भारोत्तोलन जैसी प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों की शारीरिक क्षमता के साथ-साथ उनके मानसिक संतुलन को भी तराशती हैं। आज के इस दौर में खेल क्षेत्र में भी उज्ज्वल भविष्य और असीम संभावनाएं हैं।

सुलक्षणा शर्मा शनिवार को नगर के नेशनल इंटर कॉलेज आयोजित मंडलीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता का शुभारम्भ करने के बाद मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित लोगो को सम्बोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि बच्चो कों शिक्षा के साथ साथ खेलकूद प्रतियोगिताओ मे भी प्रतिभाग करना चाहिये इससे बच्चे के अन्दर छिपी प्रतिभाये निखरकर बाहर आती है। विधालय के संरक्षक नकुल सक्सेना ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा ग्रामीण और कस्बाई अंचलों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। इस तरह के मंडलीय आयोजन युवा खिलाड़ियों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का एक सशक्त मंच प्रदान करते हैं। हमारा हमेशा यही प्रयास रहेगा कि हम अपने खिलाड़ियों को हर संभव आधुनिक सुविधाएं और बेहतर प्रशिक्षण माहौल उपलब्ध कराएं ताकि वे आगे चलकर देश का नाम रोशन कर सकें। शनिवार को आयोजित प्रतियोगिता मे अण्डर 17 बालिका बर्ग मे फिरोजाबाद की खुशी, रूचिका, मैनपुरी की दीपिका ने प्रथम, अण्डर 19 बालिका बर्ग मे मैनपुरी की शिवानी, फिरोजाबाद की कृष्णा, तान्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता मे फिरोजाबाद ने छः स्वर्ण पदक, एक रजत पदक, मैनपुरी ने दो स्वर्ण एंव तीन रजत पदक हासिल किये। प्रतियोगिता मे मैनपुरी, फिरोजाबाद, आगरा, मथुरा की टीमो के 46 प्रतिभागियो ने भाग लिया। प्रतियोगिता मे सफल छात्रो को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता मे निर्णायक की भूमिका सचिन, भुवनेश, आयुष ने निभाई। इस मौके पर प्रधानाचार्य मदन कुमार, खेल शिक्षक ओमकान्त दुबे, अतुल प्रताप सिंह, शशिकान्त तिवारी, रोशन सिंह, विवेक सिंह, दीपक मिश्रा, विनय कुमार, नवल किशोर राजपूत, दिलीप कुमार मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन प्रमोंद कुमार ने किया।

# सड़क हादसे में दंपति की मौत का मुकदमा दर्ज

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कुरावली/मैनपुरी।** थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में एक जोड़े की मौत हो गई। मृतकों के परिजनों ने थाने मे रिपोर्ट दर्ज कराई। जनपद एटा के थाना पिलुआ के ग्राम जवाहरपुर निवासी रवेन्द्र सिंह पुत्र स्व. महावीर सिंह ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि बीते 25 अगस्त की शाम करीब 7:30 बजे उनका भतीजा मलिखान सिंह पुत्र सोवरन सिंह और उनकी पत्नी मीना देवी बाइक से अपने गांव जवाहरपुर से ससुराल सालिमपुर जा रहे थे। जैसे ही वह थाना क्षेत्र में गंगा-जमुनी के पास बाबा होटल के सामने पहुंचे तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार वाहन के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए उनकी बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस और राहगीरों की मदद से उन्हें सीएचसी ले जाया गया। वहां से सैफई ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने मीना देवी को मृत घोषित कर दिया, जबकि मलिखान सिंह को भर्ती किया गया। इलाज के दौरान 28 अगस्त को मलिखान सिंह की भी मौत हो गई। दोनों का पोस्टमॉर्टम सैफई में कराया गया। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

# बिजली कटौती से भोगांव क्षेत्र के लोग परेशान

### विद्युत कटौती से न्याय दिलाने की डीएम से मांग

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**भोगांव/मैनपुरी।** उमस भरी गर्मी के बीच लोगो को बिजली की कटौती परेशान कर रही है, कटौती के कारण उपभोक्ताओं को भरपूर बिजली नहीं मिल पा रही है। इससे उपभोक्ता उमस भरी गर्मी के मौसम में परेशान हो रहे हैं। घण्टो ट्रिपिंग के नाम पर विधुत कटौती जारी है। लोकल फाल्ट बारिश में इस कदर हावी हैं कि कब लाइन कहां पर खराब हो जाए कुछ पता ही नहीं चलता। बरसात के मौसम में बिजली की भी कटौती जा रही है। जिससे उमस भरी गर्मी में लोगों को जीना दुश्वार हो गया है। नगर मे कई जगहों पर दिन व रात में कई बार कटौती हो रही है। रात मे तीन बार रोस्टिंग के नाम पर हो रही कटौती से विधुत उपभोक्ताओ की रातो की नीद उडी हुई है। नगर के अरून कुमार, सत्यम शाक्य, अभिषेक शाक्य, राजीव कुमार, गौरव विश्वास, मोहित आदि ने विधुत विभाग से विधुत कटौती से निजात दिलाये जाने की मांग की है।
नगर के अरून कुमार का कहना है कि नगर मे विधुत कटौती का कोई समय निर्धारित नही है रोस्टिंग के नाम पर विधुत उपभोक्ताओ को परेशान किया जा रहा है। सत्यम शाक्य का कहना है कि विजली विभाग द्वारा रात मे तीन तीन बार घण्टो के हिसाब से विजली कटौती की जा रही है जिससे उपभोक्ताओ की रात की नीद गायब हो गई है।

# बाजार करने गई युवती रहस्यमय ढंग से गायब

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**भोगांव/मैनपुरी।** घर से बाजार जाने की कहकर निकली युवती रहस्मय ढंग से गायब हो गई। परिजनो की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगर के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति की बेटी शुक्रवार को घर से सांय लगभग छह बजे घर का सामान खरीदने की बात कहकर बाजार गई थी लेकिन देर सांय तक घर नही लौटी तो परिजनो को चिन्ता हुई और उसकी तलाश शुरू हुई लेकिन उसका कोई पता नही चल सका। परिजनो ने अनहोनी की आंशका व्यक्त करते हुये पुत्री को तलाश किये जाने की गुहार लगाई है।

# ताला तोडकर धर्मकांटे से हजारो की चोरी

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**भोगांव/मैनपुरी।** बीती रात्रि मे अज्ञात चोरो ने धर्मकाटे से ताला तोडकर हजारो रुपए की नकदी एंव लाखो रुपए का सामान चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पुलिस ने दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के खुलासे के लिये सीसीटीवी कैमरे को भी खंगाला जा रहा है। थाना क्षेंत्र के ग्राम नगला चांदा निवासी रामपाल सिंह पुत्र सोनेलाल का जीटी रोड के किनारे नौरंगाबाद के समीप धर्मकाटां है बीती रात्रि अज्ञात चोरो ने धर्मकाटे का ताला तोडकर इनवर्टर, दो सोलर पैनल, प्रिन्टर, डिसप्ले मशीन, 20 हजार रुपए की नकदी चोरी कर ली प्रातः रामपाल धर्मकांटे पर पहुचा तो उसे घटना की जानकारी हुई।

# एसडीएम ने सुनीं समाधान दिवस में लोगों की शिकायतें




मोर्निंग सिटी संवाददाता

कुरावली/मैनपुरी। शनिवार को कोतवाली परिसर में आयोजित समाधान दिवस के दौरान एसडीएम ने क्षेत्रीय लोगों की शिकायतों को सुनते हुए 6 शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए। एसडीएम प्रदीप कुमार ने क्षेत्रीय लोगों की शिकायतों को सुना इस दौरान क्षेत्रीय लोगों द्वारा राजस्व से संबंधित 6 शिकायत की प्रार्थना पत्र दिए गए। एसडीएम द्वारा शिकायती पत्रों के निस्तारण के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर इंस्पेक्टर ललित भाटी, तहसील कर्मी बृजभूषण, बसंत दुबे आदि लोग मौजूद रहे।

# समाजवादी पार्टी हमेशा दिवंगत परिवार के साथः डिंपल

### सपा सांसद ने किशनी क्षेत्र में शोक संवेदना व्यक्त की

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**किशनी/मैनपुरी।** एक सितंबर को हरियाणा के पलवल में किशनी क्षेत्र के 5 लोगों की सड़क दुर्घटना में मृत्यू हो गयी थी। सभी लोग राजस्थान के गोगामेड़ी से दर्शन करके घर वापस लौट रहे थे।

शनिवार को मैनपुरी सांसद डिम्पल यादव सभी मृतकों के घर पहुंची। उन्होंने घटना को बेहद दुःखद बताया और परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने किशनपुर मुर्गिया, हविलिया, डांडी भट्टा और चांदा में मृतकों के परिजनों से मुलाकात की। डिम्पल यादव ने चांदा में मृतक विजय यादव के भाई देवराज यादव को सांत्वना दी और कहाकि सभी मृतक समाजवादी परिवार के थे। पूरी पार्टी उनके साथ खड़ी हुई है, इनकी हरसम्भव मदद की जाएगी। विजय यादव के इकलौते बेटे विनीत यादव की हरसम्भव सहायता की जाएगी। सांसद डिम्पल यादव ने बसपा में चल रही उठापटक पर बोलने से इंकार कर दिया। उन्होंने कहाकि 2027 में सपा की तैयारी बहुत तेजी से चल रही है।

इस मौके पर विधायक ब्रजेश कठेरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव, इंजी.रामपाल सिंह यादव, डॉ. पारुल शंकर, चेयरमैन प्रतिनिधि डैनी यादव, डॉ. गजराज यादव, मुकुल यादव, चन्द्रकेश यादव, गौरव दयाल बाल्मीकि, अभिलाख यादव, सुमन दिवाकर, नृप चौधरी, सत्यम कठेरिया, संजीव सविता, शहाबुद्दीन खान, रामबाबू सविता, रामानंद यादव, रामसेवक पाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

# 20 अक्टूबर को निकालेगी महाराजा तेज सिंह की शोभायात्रा

### मुख्य अतिथि के रुप में शामिल होंगे पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**मैनपुरी।** विजयदशमी पर्व के अवसर पर आगामी 20 अक्टूबर को प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी महाराजा तेज सिंह जूदेव की भव्य शोभायात्रा एवं सभा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

शनिवार को क्षत्रिय कल्याण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामबाबू कुशवाह के नेतृत्व में शोभायात्रा के संयोजक सौरभ राठौर, शीलेन्द्र सिंह चौहान एवं प्रदीप चौहान ने मंत्री जयवीर सिंह से भेंट कर उन्हें कार्यक्रम का औपचारिक आमंत्रण पत्र सौंपा। मंत्री जयवीर सिंह ने आमंत्रण स्वीकार करते हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहने की स्वीकृति प्रदान की।

ऐतिहासिक बनाने की तैयारियां शुरू हुई

संयोजक सौरभ राठौर ने बताया कि कार्यक्रम को भव्य एवं ऐतिहासिक स्वरूप देने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। वहीं सभा में विशिष्ट अतिथि के रूप में शेर सिंह राणा एवं धनंजय सिंह को आमंत्रित करने के लिए संपर्क साधा जा रहा है। शोभायात्रा के माध्यम से महाराजा तेज सिंह ह्यजूदेवह्न के योगदान और शौर्य को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

# कटिया डालकर बिजली चोरी करने वाले 10 पर मुकदमा

### विद्युत विभाग और विजिलेंस टीम ने चलाया चेकिंग अभियान



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**मैनपुरी।** बिजली विभाग और विजिलेंट टीम द्वारा शुक्रवार को अलग-अलग उपखंड क्षेत्रों में बिजली की चेकिंग कराई गई। 10 उपभोक्ता बिजली चोरी करते पकड़े गए। सभी के विरुद्ध विद्युत थाना में प्राथमिकी कराई गई है।

एसडीओ सर्फुद्दीन अंसारी ने सिविल लाइन ग्रामीण उपकेंद्र क्षेत्र में कुछ गांवों की चेकिंग की। गांव बसुआहार, अहिरबा एवं नगला पाल में छह घरों में चोरी मिली। एलटी लाइन से कटिया डालकर घरों में बिजली जलाई जा रही थी। सभी के घर से कटिया तार बरामद करने के बाद उन्हें जब्त कर लिया गया।

#### संयुक्त कार्रवाई में मिले बिजली चोर

अलसुबह एसडीओ नगरीय धनवीर नागर के नेतृत्व में विजिलेंस टीम ने सिविल लाइन क्षेत्र में चार घरों में बिजली चोरी पकड़ी। महमूदनगर कॉलोनी में उपभोक्ता अतिरिक्त कटिया डालकर बिजली जलाते मिले। अधीक्षण अभियंता विद्युत मुकेश कुमार का कहना है कि जिले भर में बिजली चोरों के विरुद्ध कार्रवाई कराई जाएंगी।

कार्रवाई के दौरान विजिलेंस प्रभारी रतन सिंह, अवर अभियंता अनिल कुमार, परमेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# सरकार युवाओं को लेकर भी आपत्तिजनक टिप्पणी कर रही

### मैनपुरी पहुंची सपा सांसद डिंपल ने भाजपा पर बोला तीखा हमला



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**मैनपुरी।** सपा सांसद डिंपल यादव शनिवार को मैनपुरी पहुंची। जहां पर उन्होंने बीआरआईसीएस समिट, सहारनपुर मस्जिद ध्वस्तीकरण मामला सहित राहुल गांधी पर प्रधानमंत्री की टिप्पणी और आजम खान के मुकदमों को लेकर सरकार पर निशाना साधा। बसपा सुप्रीमो मायावती के अखिलेश यादव के नीले अंगोछे वाले बयान पर भी प्रतिक्रिया दी।

सपा सांसद ने कहा कि सरकार लगातार बड़े सम्मेलन आयोजित कर रही है। इन आयोजनों के दौरान दिल्ली में जाम और दूसरी समस्याएं होती हैं। स्कूल-कॉलेज तक बंद करने पड़ते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि ऐसे बड़े सम्मेलनों से देश और आम जनता को क्या फायदा हुआ। उनका कहना था कि पहले भी इस तरह के सम्मेलन हो चुके हैं। ऐसे में उनके परिणाम जनता के सामने रखे जाने चाहिए। सहारनपुर मस्जिद ध्वस्तीकरण मामले में हाईकोर्ट द्वारा सरकार से जवाब मांगने और वसूली के आदेश पर रोक लगाए जाने के सवाल पर डिंपल ने इसे चुनाव से जोड़कर देखा। उन्होंने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में चुनाव नजदीक हैं। इसी वजह से सरकार इस तरह की कार्रवाई कर रही है। डिंपल ने कहा कि सत्ता बदलने के बाद गलत तरीके से दर्ज किए गए मामलों की जांच कराई जाएगी। गलत मुकदमे वापस लिए जाएंगे।

#### मायावती के नीले अंगोछे वाले बयान पर दिया जवाब

अखिलेश यादव के नीले अंगोछे को लेकर मायावती के बयान पर डिंपल ने कहा कि समाजवादी पार्टी पीडीए की बात करती है। इसमें पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक समाज शामिल है। उन्होंने कहा कि यह रंग की राजनीति नहीं है। यह युवाओं, महिलाओं और उनके भविष्य की लड़ाई है।

#### आजम खान के मुकदमों पर बोलीं

आजम खान के खिलाफ दर्ज मुकदमों को लेकर डिंपल यादव ने कहा कि जिन लोगों पर गलत मुकदमे लगाए गए हैं, उनकी निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि परिवार से जुड़े मामलों में भी न्याय की उम्मीद है। प्रधानमंत्री की तरफ से राहुल गांधी को लेकर की गई टिप्पणी पर उन्होने कहा कि सरकार युवाओं को लेकर भी आपत्तिजनक टिप्पणियां कर रही है। डिंपल ने भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए। उन्होंने कहा कि सड़क और एक्सप्रेसवे समेत विकास कार्यों में भ्रष्टाचार के मामले सामने आते रहे हैं।

# पुल नहीं होने से जान जोखिम में डालकर नदी पार करते हैं ग्रामीण

### - किसानों की करीब 2000 बीघा जमीन नदी के दूसरी तरफ, नाव और रस्सी के सहारे आवागमन

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**किशनी/मैनपुरी।** विकासखंड किशनी की ग्राम सभा परतापुर के पास से होकर अरिंद नदी बहती है। बरसाती नदी होने के कारण बारिश के दिनों में इसका जलस्तर काफी बढ़ जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि नदी में आगे रोक होने के कारण यहां वर्षभर करीब 10 फीट से कम पानी नहीं रहता। ऐसे में नदी पर पुल नहीं होने के कारण परतापुर के ग्रामीणों और किसानों को रोजाना जान जोखिम में डालकर नदी पार करनी पड़ती है। ग्रामीणों के मुताबिक, गांव के किसानों की करीब 2000 बीघा जमीन नदी के दूसरी ओर है। खेतों तक ट्रैक्टर और कृषि उपकरण ले जाने के लिए किसानों को नदी पार करने में भारी परेशानी होती है। ग्रामीणों का कहना है कि करीब 15 किलोमीटर दूर इसी नदी पर कुंहौल में एक पुल है, जबकि दूसरा पुल जनपद कन्नौज की सीमा में है। इसके चलते किसानों को अपने खेतों तक पहुंचने और वहां से तैयार फसल घर लाने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। किसानों ने बताया कि मजबूरी में गांव में एक मल्लाह को रखा गया है। मल्लाह ने नदी में नाव डाल रखी है और नाव को रस्सी के सहारे खींचकर ग्रामीण नदी पार करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार नाव में पानी भर जाता है और उसे निकालने में काफी समय लगता है। कई बार नाव पलटने का खतरा भी बना रहता है। ग्रामीणों के अनुसार, यदि नाव पलट जाए और नदी पार कर रहा व्यक्ति तैरना न जानता हो तो उसकी जान पर बन आती है। ग्रामीणों ने दावा किया कि अतीत में कई बच्चे और युवाओं के नदी में डूबने की घटनाएं हो चुकी हैं। नदी पर पुल नहीं होने का असर केवल खेती पर ही नहीं, बल्कि ग्रामीणों की रोजमर्रा की जिंदगी पर भी पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि मवेशियों के लिए घास और चारा लाने के लिए उन्हें दिन में कई बार नदी पार करनी पड़ती है। बरसात के दिनों में यह काम और भी जोखिम भरा हो जाता है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि उन्होंने स्थानीय विधायक बृजेश कठेरिया से लेकर सांसद डिंपल यादव और अखिलेश यादव तक अपनी समस्या पहुंचाई, लेकिन अभी तक नदी पर पुल निर्माण की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि यदि यहां छोटा पुल बन जाए तो किसानों को राहत मिलने के साथ-साथ नदी पार करते समय होने वाली दुर्घटनाओं पर भी रोक लग सकती है।

#### प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री से लगाई गुहारः

पुल निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने मुख्यमंत्री से परतापुर के पास अरिंद नदी पर छोटे पुल का निर्माण कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि पुल बनने से करीब 2000 बीघा कृषि भूमि तक किसानों की पहुंच आसान होगी और ग्रामीणों को नाव व रस्सी के सहारे जान जोखिम में डालकर नदी पार करने से मुक्ति मिलेगी।

#### इन ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

प्रदर्शन और मांग करने वालों में विनोद यादव, अजित यादव , विराज यादव, अजब सिंह यादव, नेमसिंह यादव, राजेश कुमार,कुंअरपाल यादव, कमलेश यादव, शेरसिंह यादव, रमेश यादव, अनुज यादव, जयबीर यादव, बेदराम यादव, नाहर सिंह यादव, राजेश यादव, राजीव यादव, नरेंद्र यादव, रामप्रताप यादव, प्रमोद यादब, नरेश यादव आदि ग्रामीण शामिल रहे।

# कुरावली में बिना पंजीकरण के संचालित कई पैथोलॉजी लैब

### नौसिखिये करते हैं ब्लड की जांच, डीएमएलटी डिप्लोमा धारक का पता नहीं

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कुरावली/मैनपुरी।** कस्वा में सरकारी अस्पताल के गेट के सामने सहित अन्य जगहो पर बिना पंजीकरण के अवैध तरीके से कई पैथोलॉजी लैब संचालित की जा रही है। इन लैबो पर ब्लड की जांच करने वाले भी नौसिखिएं देखे जा सकते है। कुछ लैब है जिन पर डीएमएलटी डिप्लोमा धारक जांच कर रहे है। राजकीय विद्यालय के सामने भी अवैध तरीके से लैब संचालित की जा रही है।

कुरावली में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने मेडीकल स्टोर के पास सहित अस्पताल के छोटे गेट के सामने भी अवैध तरीके से पैथोलॉजी संचालित की जा रही है। कई बर्षो से अवैध तरीके से संचालित लैबों पर स्वास्थ्य विभाग की निगाह क्यों नहीं पड़ी, यह भी एक बड़ा सवाल है। इसके अलावा सरकारी अस्पताल के दूसरे गेट के सामने भी अवैध रुप से पैथोलॉजी संचालित की जा रही है। इसके साथ ही राजकीय महाविद्यालय के सामने भी अवैध रुप से पैथोलॉजी संचालित की जा रही है। घिरोर रोड पर कुंवरपुर चुंगी के पास भी कुछ पैथोलॉजी संचालित हो रही है। इन पैथोलॉजी पर किसी पर तो डिप्लोमा धारक ब्लड की जांच कर रहे है। किसी पर तो नौसिखिएं युवक ही ब्लड की जांच करके गलत रिपोर्ट डॉक्टर के कहने पर तैयार कर रहे है। जब किसी लैब का पंजीकरण नहीं है तो एमबीबीएस चिकित्सक के लैब से अटैच होने का मतलब ही नहीं है।

#### क्या बोले एसीएमओ मैनपुरी

कुरावली में बिना पंजीकरण के अवैध रुप से संचालित होने वालीं पैथोलॉजी लैबो के बारे में जानकारी नहीं है। इसकी जानकारी करने के बाद टीम के साथ कार्रवाई करते हुए अवैध लैबो को बंद कराया जाएगा।- आशुतोष कुमार, एसीएमओ, नोडल अधिकारी।

# मरीजों की मजबूरी से बन रहा साम्राज्य? निजी एंबुलेंस संचालकों की संपत्ति जांच की उठी मांग



मोर्निंग सिटी

**अलीगढ़।** निजी एंबुलेंस के संचालन को लेकर मरीजों और तीमारदारों से जुड़ी व्यवस्थाओं पर सवाल उठ रहे हैं। चर्चा है कि मरीज को उच्च स्वास्थ्य केंद्र के लिए रेफर किए जाने से पहले ही उसका ब्योरा संबंधित अस्पताल तक पहुंच जाता है। इसके बाद मरीज को किस अस्पताल में ले जाना है, इसे लेकर निजी एंबुलेंस संचालकों की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।स्थानीय स्तर पर यह बात सामने आ रही है कि कुछ अस्पतालों में मरीज पहुंचाने के बदले निजी एंबुलेंस संचालकों को 35 से 40 प्रतिशत तक कमीशन दिए जाने की व्यवस्था होने की चर्चा है।बताया जा रहा है कि मरीज के किसी उच्च स्वास्थ्य केंद्र के लिए रेफर होने की प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही मरीज की बीमारी और स्थिति से जुड़ी जानकारी संबंधित अस्पताल तक पहुंच जाती है। इसके बाद एंबुलेंस संचालक तीमारदारों से संपर्क कर मरीज को विशेष अस्पताल ले जाने की सलाह देते हैं।

गंभीर हालत में परेशान तीमारदार अक्सर एंबुलेंस चालक की बात पर भरोसा कर लेते हैं और अस्पताल का चयन भी उसी आधार पर हो जाता है।

एंबुलेंस किराये की भी हो जांच

निजी एंबुलेंस के किराये को लेकर भी समय-समय पर शिकायतें सामने आती रही हैं। आपात स्थिति में मरीज के परिजनों से मनमाना किराया लिए जाने की शिकायतों की जांच की मांग की जा रही है। लोगों का कहना है कि एंबुलेंस के किराये की स्पष्ट दर निर्धारित होने के साथ ही किराया सूची सार्वजनिक होनी चाहिए, ताकि मरीजों के परिजनों से उनकी मजबूरी का लाभ उठाकर अतिरिक्त राशि न वसूली जा सके।

### संचालकों की संपत्ति की जांच की मांग

मामले को लेकर अब निजी एंबुलेंस संचालकों की आय और संपत्ति की भी नियमानुसार जांच किए जाने की मांग उठने लगी है। लोगों का कहना है कि लंबे समय से इस कारोबार में सक्रिय संचालकों की घोषित आय, एंबुलेंस की संख्या, व्यवसाय से होने वाली आमदनी और संपत्ति में हुई वृद्धि का नियमानुसार परीक्षण किया जाना चाहिए।

### राजीव गुप्ता लीडर ने उठाई उच्चस्तरीय जांच की मांग

समाजसेवी राजीव गुप्ता लीडर ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि गंभीर मरीज और उनके तीमारदार पहले से ही मानसिक तनाव में होते हैं। ऐसे समय में यदि किसी प्रकार की कमीशन व्यवस्था के माध्यम से अस्पताल का चयन प्रभावित किया जा रहा है या मरीजों से अनुचित वसूली की जा रही है तो इसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है।उन्होंने प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से मांग की कि निजी एंबुलेंस के संचालन, अस्पतालों से उनके संबंध, मरीजों की जानकारी अस्पताल तक पहुंचने के तरीके, कथित कमीशन व्यवस्था और एंबुलेंस संचालकों की संपत्ति की नियमानुसार जांच कराई जाए। जांच में अनियमितता मिलने पर संबंधित लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।

## अवैध तमंचा और दो कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

मोर्निंग सिटी

**शिकोहाबाद।** थाना शिकोहाबाद पुलिस ने अवैध शस्त्रों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 315 बोर का अवैध तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद आदित्य लांग्हे के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर छिछामई गांव की ओर जाने वाले रास्ते पर चेकिंग की। इसी दौरान पुलिस ने बृजेश उर्फ लल्ला पुत्र राकेश, निवासी नगला गुलाल, थाना नगला खंगर, फिरोजाबाद को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 315 बोर का एक अवैध तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। मामले में थाना शिकोहाबाद पर मु0अ0सं0 717/2026, धारा 3/25 आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

आरोपी का आपराधिक इतिहास पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ पहले से भी कई मुकदमे दर्ज हैं। इनमें वर्ष 2023 में थाना नगला खंगर में आयुध अधिनियम और गुंडा नियंत्रण अधिनियम, वर्ष 2019 में एनडीपीएस एक्ट तथा वर्ष 2024 में गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज मुकदमे शामिल हैं।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार, उपनिरीक्षक ऋषभ देव भारद्वाज, कांस्टेबल केशव कुमार और कांस्टेबल नीतेन्द्र कुमार पुलिस टीम में शामिल रहे।

## समलैंगिक दोस्ती के नाम पर युवकों को फंसाकर ब्लैकमेल करने वाले गिरोह का खुलासा, 26 लोगों से सात लाख रुपये वसूलने का आरोप

मोर्निंग सिटी

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से जुड़े क्षेत्र में समलैंगिक दोस्ती के नाम पर युवकों को अपने जाल में फंसाकर कथित रूप से ब्लैकमेल करने वाले गिरोह का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार, गिरोह के सदस्य युवकों से दोस्ती करने के बाद उन्हें कमरे में बुलाते थे और वहां उनकी आपत्तिजनक स्थिति में कथित तौर पर चलचित्र बना लेते थे। इसके बाद चलचित्र सार्वजनिक करने की धमकी देकर उनसे रुपये की मांग की जाती थी।

पुलिस के मुताबिक, अब तक की जांच में गिरोह द्वारा करीब 26 युवकों से लगभग सात लाख रुपये की वसूली किए जाने की बात सामने आई है। इस मामले में पुलिस ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में स्नातक वाणिज्य प्रशासन की पढ़ाई कर रहे छात्र शहजिल को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने शहजिल के अलावा उसके तीन साथियों मन्नान, भोला भाई और ऑगी तथा एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस अब गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश और उनकी भूमिका की जांच कर रही है।

### छह महीने से युवकों को बना रहे थे निशाना

पुलिस के अनुसार, यह गिरोह पिछले करीब छह महीने से एक विशेष प्रकार के मित्रता संबंधी चलभाष अनुप्रयोगों के माध्यम से युवकों से संपर्क करता था। बातचीत के बाद युवकों से दोस्ती बढ़ाई जाती थी और फिर उन्हें मिलने के लिए बुलाया जाता था।जांच में यह भी सामने आया है कि गिरोह के सदस्य अलीगढ़ शहर से करीब 50 किलोमीटर की परिधि में युवकों को अपना निशाना तलाशते थे। युवक के संपर्क में आने के बाद उसे एक कमरे में बुलाया जाता था। आरोप है कि वहां उसकी आपत्तिजनक स्थिति का चलचित्र बना लिया जाता था और बाद में उसी के आधार पर रुपये ऐंठे जाते थे। पुलिस के मुताबिक, कमरे में बुलाए गए युवकों के आपत्तिजनक चलचित्र बनाए जाने के बाद उन्हें सार्वजनिक करने की धमकी दी जाती थी। इसके बाद उनसे रुपये की मांग की जाती थी। पुलिस को अब तक की जांच में करीब 26 लोगों के इस गिरोह के चंगुल में फंसने और लगभग सात लाख रुपये की वसूली की जानकारी मिली है।

### 19 वर्षीय युवक की शिकायत से खुला मामला

पूरे मामले का खुलासा एक 19 वर्षीय युवक की शिकायत के बाद हुआ। बताया जा रहा है कि शिकायतकर्ता के पिता अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में एटीएस के पद पर कार्यरत हैं। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और गिरोह से जुड़े लोगों तक पहुंची।मामला अलीगढ़ के थाना सिविल लाइन क्षेत्र में स्थित अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से जुड़ा बताया जा रहा है। पुलिस ने गिरफ्तार छात्र से पूछताछ शुरू कर दी है और उसके साथियों की तलाश की जा रही है।पुलिस अब आरोपियों के चलभाष, बैंक खातों और रुपये के लेन-देन से जुड़े अन्य साक्ष्यों की जांच कर रही है। जांच पूरी होने के बाद गिरोह से जुड़े अन्य लोगों और अब तक ठगी अथवा ब्लैकमेलिंग के शिकार हुए लोगों की संख्या को लेकर स्थिति और स्पष्ट होने की संभावना है

## आरएमपीएस विश्वविद्यालय निर्माण कार्यों की कमियां 15 दिन में दूर करें - आयुक्त

**मोर्निंग सिटी अलीगढ़।** मंडलायुक्त अलीगढ़ मंडल ओपी आर्य ने राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय का निरीक्षण कर निमार्णाधीन एवं पूर्ण हो चुके कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने विगत निरीक्षणों में सामने आई कमियों को अगले 15 दिनों में दूर कराने के निर्देश दिए।प्रशासनिक भवन में विश्वविद्यालय एवं निर्माणकारी संस्थाओं के अधिकारियों के साथ बैठक में मंडलायुक्त ने स्पष्ट किया कि विश्वविद्यालय के निर्माण एवं विकास कार्यों में गुणवत्ता और निर्धारित समयसीमा से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने विश्वविद्यालय में स्थापित सभी उपकरणों के बेहतर रखरखाव के लिए वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने विश्वविद्यालय एवं निर्माणकारी संस्थाओं के अधिकारियों को पर्यवेक्षण व्यवस्था और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में लापरवाही अथवा कार्यदायी संस्था की ओर से अनावश्यक विलंब पाए जाने पर नियमानुसार अर्थदंड की कार्रवाई की जाए। उन्होंने सभी नवीन एवं चिन्हित कार्यों को निर्धारित गुणवत्ता के साथ तय समयसीमा में पूरा कराने पर विशेष जोर दिया।इस अवसर पर अपर आयुक्त प्रशासन अरुण कुमार, संयुक्त विकास आयुक्त मंशाराम यादव, अपर जिलाधिकारी प्रशासन सौरभ भट्ट, कुलसचिव प्रबुद्ध सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड ए.के. राही समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## पंजीपुर में गोवंश के अवशेष मिलने से हड़कंप, मौके पर पहुंचा गौ रक्षक संगठन पुलिस ने शुरू की जांच

**मोर्निंग सिटी अलीगढ़।** थाना क्वार्सी क्षेत्र के पंजीपुर इलाके में गोवंश के अवशेष मिलने की सूचना से हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में लोगों की भीड़ जुटने लगी। सूचना पर गौ रक्षक संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए। मामले की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच-पड़ताल शुरू की।बताया जा रहा है कि यह पूरा मामला नगला पटवारी के पास फोर्ट सिटी के पीछे का है। स्थानीय लोगों की सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और वहां मिले गोवंश के अवशेषों को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की।घटना की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्राधिकारी तृतीय भी मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में घटनास्थल पर गड्ढा खुदवाया गया और मिले गोवंश के अवशेषों को दफन कराया गया। पुलिस द्वारा आसपास के इलाके की भी जानकारी जुटाई जा रही है, ताकि घटना से जुड़े तथ्यों का पता लगाया जा सके।वहीं, गोवंश के अवशेष मिलने की खबर के बाद गौ रक्षक संगठन के कार्यकताओं में भी नाराजगी देखने को मिली। संगठन की ओर से मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है।फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। घटनास्थल के आसपास की जानकारी और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि गोवंश के अवशेष वहां कैसे पहुंचे। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही घटना से जुड़े सभी तथ्यों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## रिश्वत मांगने वाले दरोगा पर कार्रवाई तत्काल प्रभाव से किया निलंबित

**मोर्निंग सिटी अलीगढ़।** मुकदमे से नाबालिग बच्चे का नाम निकालने के नाम पर रिश्वत मांगने वाले दरोगा के खिलाफ एसएसपी नीरज जादौन ने सख्त कार्रवाई की है।मामला थाना दादों का बताया जा रहा है, जहां 2023 बैच के दरोगा राकेश कश्यप तैनात थे। आरोप है कि मुकदमे से नाबालिग बच्चे का नाम निकालने के एवज में दरोगा द्वारा रिश्वत की मांग की जा रही थी। रिश्वत मांगने को लेकर हुई बातचीत का ऑडियो वायरल होने के बाद मामला पुलिस अधिकारियों के संज्ञान में आया।ऑडियो वायरल होने के बाद एसएसपी अलीगढ़ नीरज जादौन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दरोगा राकेश कश्यप को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।एसएसपी की ओर से दरोगा के खिलाफ रिश्वत मांगने और लापरवाही बरतने के आरोप में कार्रवाई की गई है। मामले की जांच भी कराई जा रही है।

## सरस्वती शिशु बालिका विद्या मंदिर में संकुलीय प्रतियोगिताओं का आयोजन

मोर्निंग सिटी

**अलीगढ़।** हाथरस वाला पेच, घुड़ियाबाग स्थित सरस्वती शिशु बालिका विद्या मंदिर में संकुलीय प्रतियोगिता के अंतर्गत गणित एवं विज्ञान प्रतियोगिता के साथ संस्कृत महोत्सव का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अलीगढ़ सहित अन्य जनपदों के विभिन्न विद्या मंदिरों से आए छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

गणित एवं विज्ञान प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों, मॉडलों, प्रयोगों और प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं संस्कृत महोत्सव में विद्यार्थियों ने संस्कृत भाषा के प्रति अपनी रुचि और ज्ञान का परिचय देते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में सहभागिता की। पूरे दिन विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल बना रहा।विद्यालय के प्रबंधक अनिल नवरंग ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक क्षमता, संस्कृत भाषा के प्रति रुचि और प्रतियोगिता की भावना विकसित करना है।

ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच देने के साथ उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाते हैं।प्रधानाचार्या सीमा सक्सेना ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए विद्यालय में समय-समय पर शैक्षिक एवं सह-शैक्षिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। संकुलीय स्तर की प्रतियोगिताओं में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों के साथ सहभागिता करने से बच्चों को नई चीजें सीखने और अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है।कार्यक्रम में विद्या भारती के संगठन मंत्री सुनील कुमार, प्रबंधक अनिल नवरंग, प्रधानाचार्या सीमा सक्सेना, राधिका वार्ष्णेय, सेजल वार्ष्णेय, मनीषा बंसल, चंद्रभूषण एवं मीडिया प्रभारी दिव्या वार्ष्णेय सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं और विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। अतिथियों एवं शिक्षकों ने प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## बैंक से लौट रहे कारोबारी से 45 हजार रुपये और सोने की चेन लूटने का आरोप

मोर्निंग सिटी

**अलीगढ़।** थाना गांधी पार्क क्षेत्र के एटा चुंगी चैराहे पर कारोबारी से 45 हजार रुपये नगद और सोने की चेन लूटने का मामला सामने आया है। पीड़ित कारोबारी का आरोप है कि सड़क पर स्कूटी से टक्कर होने के बाद कुछ लोगों ने उसके साथ मारपीट की और जेब में रखे 45 हजार रुपये तथा गले से सोने की चेन लेकर फरार हो गए। आरोप है कि घटना की सूचना पिता को देने के बाद दोनों लूट का सामान वापस मांगने पहुंचे तो वहां पहले से मौजूद लोगों ने पिता-पुत्र के साथ दोबारा मारपीट कर दी।पीड़ित कपड़ा कारोबारी सुधीर वार्ष्णेय की ओर से थाना गांधी पार्क में मुकदमा दर्ज कराया गया है। तहरीर के अनुसार उनका कपड़े का कारोबार है। उनका बेटा देव वार्ष्णेय कारोबार के सिलसिले में पार्टियों के खाते में रकम जमा करने के लिए 60 हजार रुपये लेकर निकला था। उसने थाना गांधी पार्क के सामने स्थित बैंक में 15 हजार रुपये जमा कर दिए थे, जबकि शेष 45 हजार रुपये नौरंगाबाद स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा में जमा करने थे।आरोप है कि देव वार्ष्णेय मोटरसाइकिल से नौरंगाबाद की ओर जा रहा था। एटा चुंगी चैराहे पर उसकी मोटरसाइकिल एक स्कूटी से टकरा गई। इसके बाद स्कूटी सवार लोगों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित का आरोप है कि इसी दौरान उसकी जेब में रखे 45 हजार रुपये और गले में पड़ी सोने की चेन ले ली गई। घटना के बाद आरोपी मौके से चले गए।देव ने फोन पर अपने पिता को घटना की जानकारी दी। इसके बाद सुधीर वार्ष्णेय मौके पर पहुंचे और बेटे द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंचकर लूटी गई रकम और चेन वापस मांगने लगे। आरोप है कि वहां पहले से करीब छह लोग मौजूद थे। उन्होंने पिता-पुत्र के साथ दोबारा मारपीट कर दी। मारपीट में दोनों को चोटें आईं।परिजनों ने घायल देव वार्ष्णेय की हालत गंभीर देखते हुए उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार चल रहा है।पीड़ित की शिकायत पर थाना गांधी पार्क पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में दबिश देना शुरू कर दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना के संबंध में पुलिस का विस्तृत पक्ष सामने आने के बाद ही लूट और मारपीट की पूरी स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## नगर निगम के फुटपाथ पर किसके आदेश से लग रहे स्टॉल? आरपीएफ और नगर निगम की निगरानी पर उठे सवाल

मोर्निंग सिटी

**अलीगढ़।** थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के स्टेट बैंक तिराहे पर नगर निगम के फुटपाथ पर स्टॉल लगाए जाने को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। फुटपाथ राहगीरों के आवागमन के लिए बनाया गया है, लेकिन यहां जगह-जगह स्टॉल लगने से पैदल चलने वालों को सड़क की ओर जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।स्थानीय लोगों का सवाल है कि यदि फुटपाथ नगर निगम की संपत्ति है तो यहां स्टॉल लगाने की अनुमति किसके आदेश पर दी जा रही है? क्या इसके लिए कोई अधिकृत अनुमति, शुल्क अथवा निर्धारित स्थान तय किया गया है? यदि अनुमति नहीं है तो नगर निगम की ओर से कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही?स्टेट बैंक तिराहे जैसे व्यस्त स्थान पर फुटपाथ पर अस्थायी दुकानें लगने से यातायात व्यवस्था



और पैदल राहगीरों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई जा रही है। लोगों का कहना है कि जिम्मेदार विभागों की नियमित निगरानी के बावजूद यदि फुटपाथ पर लगातार स्टॉल लग रहे हैं तो व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है।मामला इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि क्षेत्र में रेलवे से संबंधित गतिविधियों और सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी भी मौजूद रहती है। ऐसे में यह जांच का विषय है कि फुटपाथ पर लगने वाले स्टॉल के संबंध में नगर निगम, रेलवे सुरक्षा बल तथा अन्य संबंधित विभागों की क्या भूमिका है और किस स्तर से अनुमति अथवा संरक्षण मिल रहा है।स्थानीय लोगों ने नगर निगम से फुटपाथ पर लगाए गए सभी स्टॉलों की जांच कराने, अनुमति की स्थिति स्पष्ट करने और अवैध पाए जाने पर तत्काल हटाने की मांग की है। साथ ही यह भी मांग की गई है कि फुटपाथ को पूरी तरह राहगीरों के लिए खाली कराया जाए, ताकि किसी हादसे की स्थिति न बने।अब सवाल यह है कि फुटपाथ पर स्टॉल लगाने की अनुमति किसने दी और यदि अनुमति नहीं है तो जिम्मेदार अधिकारियों की नजर के सामने यह व्यवस्था कैसे चल रही है?

## शराब के नशे में पुलिसकर्मियों पर मारपीट का आरोप, दलित महिला ने मुख्यमंत्री से की शिकायत

मोर्निंग सिटी

**अलीगढ़।** थाना देहली गेट क्षेत्र के नगला महताब स्थित त्यागी स्कूल वाली गली में एक दलित महिला ने पुलिसकर्मियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला का आरोप है कि पड़ोसी की शिकायत पर मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मी शराब के नशे में थे और उन्होंने उसके पति के साथ मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने पहुंची महिला और उसकी बेटी के साथ भी मारपीट किए जाने का आरोप है।पीड़ित महिला के अनुसार, घटना के दौरान उसके पति और बच्चों को चोटें आईं। महिला का आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने उसके साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग भी किया। घटना के बाद महिला उपचार कराने पहुंची और वहां उसने पूरी घटना के संबंध में अपना दर्द बयां किया।महिला का यह भी आरोप है कि घटना की शिकायत लेकर जब वह थाना देहली गेट पहुंची तो उसकी शिकायत दर्ज नहीं की गई। इसके बाद उसने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री से करते हुए पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है।पीड़िता ने मांग की है कि घटना के दौरान मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों की भूमिका की जांच कराई जाए और यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए।मामला सामने आने के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। हालांकि पुलिस की ओर से लगाए गए आरोपों के संबंध में आधिकारिक पक्ष सामने आना बाकी है। मामले की निष्पक्ष जांच के बाद ही घटना की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# गणपति बप्पा के जयघोष से गूंजेगा अचल सरोवर

### श्री गिलहराज जी हनुमान मंदिर में 14 से 24 सितंबर तक होगा भव्य गणेश चतुर्थी महोत्सव, धर्म संस्कृति, राष्ट्रभक्ति और सनातन परंपरा का दिखेगा अद्भुत संगम

मोर्निंग सिटी

**हरिगढ़।** विघ्नहर्ता एवं मंगलमूर्ति भगवान श्री गणेश के पावन पर्व गणेश चतुर्थी के अवसर पर अचल सरोवर स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री गिलहराज जी हनुमान मंदिर में इस वर्ष भव्य एवं दिव्य गणेश चतुर्थी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। 14 सितंबर से शुरू होकर 24 सितंबर तक चलने वाले इस महोत्सव में श्रद्धा, भक्ति और अध्यात्म के साथ ब्रज संस्कृति, राष्ट्रभक्ति तथा सनातन संस्कारों की झलक देखने को मिलेगी।महोत्सव को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। आयोजन के दौरान प्रतिदिन धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। भगवान श्री गणेश के पूजन और पंचामृत अभिषेक के साथ महोत्सव का शुभारंभ होगा। इसके बाद छप्पन भोग, महाआरती, सुंदरकांड पाठ, संकीर्तन और धार्मिक कथा सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे। गणेश चतुर्थी महोत्सव में धार्मिक आयोजनों के साथ बच्चों और युवाओं की प्रतिभा को सामने लाने के लिए भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। राधा-कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को ब्रज की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।इसके अलावा भजन संध्या, ब्रज सांस्कृतिक कार्यक्रम और देशभक्ति से जुड़े आयोजन भी होंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से श्रद्धालुओं को धर्म और संस्कृति के साथ राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया जाएगा।

### भक्ति के साथ संस्कार और संस्कृति का संदेश

महोत्सव के कार्यक्रम संयोजक एवं मंदिर महंत योगी कौशल नाथ जी ने कहा कि भगवान श्री गणेश बुद्धि, विवेक, शुभारंभ और विघ्न विनाश के प्रतीक हैं। गणेश चतुर्थी का पर्व हमें यह संदेश देता है कि प्रत्येक शुभ कार्य की शुरूआत भगवान के स्मरण और सकारात्मक संकल्प के साथ करनी चाहिए।उन्होंने कहा कि इस वर्ष के महोत्सव को केवल धार्मिक आयोजन तक सीमित नहीं रखा गया है। इसका उद्देश्य सनातन संस्कृति, भारतीय संस्कारों और धार्मिक परंपराओं को समाज की नई पीढ़ी तक पहुंचाना भी है। इसी उद्देश्य से धार्मिक कार्यक्रमों के साथ ब्रज संस्कृति, बच्चों की प्रतिभा, भक्ति संगीत और राष्ट्रभक्ति से जुड़े कार्यक्रमों को भी महोत्सव का हिस्सा बनाया गया है।

### भंडारे में मिलेगा गणपति प्रसाद

महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं के लिए गणपति प्रसादी और भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। मंदिर समिति की ओर से श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भगवान श्री गणेश का आशीर्वाद लेने और धार्मिक आयोजनों में सहभागिता करने का आह्वान किया गया है।

### 24 सितंबर को निकलेगी भव्य विसर्जन यात्रा

ग्यारह दिवसीय गणेश चतुर्थी महोत्सव का समापन 24 सितंबर को भव्य गणपति विसर्जन यात्रा के साथ होगा। इस दौरान गणपति बप्पा के जयघोष से अचल सरोवर और आसपास का क्षेत्र भक्तिमय नजर आएगा। श्रद्धालु भगवान श्री गणेश की प्रतिमा के साथ विसर्जन यात्रा में शामिल होंगे।आयोजकों का कहना है कि महोत्सव के माध्यम से अचल सरोवर की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा को और मजबूती देने के साथ समाज में भक्ति, संस्कार, संस्कृति और राष्ट्रप्रेम का संदेश पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

## एचबी कॉलेज में स्वच्छता के लिए विद्यार्थियों को किया जागरूक

मोर्निंग सिटी

अलीगढ़। हीरालाल बारहसैनी इंटर कॉलेज में ह्यस्वच्छता ही सेवाह्ण अभियान के तहत स्काउट एवं गाइड दल की ओर से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों ने प्लास्टिक मुक्ति, जल संरक्षण, पौधारोपण और विद्यालय परिसर को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विद्यालय और शहर को स्वच्छ रखने के साथ अपनी सोच को भी सकारात्मक बनाए रखने का संकल्प लिया।कार्यक्रम के दौरान आयोजित नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में मोर मुकुट वार्ष्णेय, मयंक वार्ष्णेय, गोलू और आर्यन ने प्रेरणादायक प्रस्तुति दी।

नाटक के माध्यम से बताया गया कि सड़क पर केले का छिलका फेंकने से दुर्घटना हो सकती है। प्रस्तुति के जरिए लोगों को सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा न फेंकने और स्वच्छता के प्रति जिम्मेदार बनने का संदेश दिया गया।इसके बाद विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकाली। रैली में विभिन्न नारों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।प्रधानाचार्य भरत सिंह ने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्त करने तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने और आगे बढ़ने का अवसर भी देती है। उपप्रधानाचार्य जवाहरलाल ने



स्काउट एवं गाइड दल के सदस्यों को स्वच्छता अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

स्काउट मास्टर राहुल ने कहा कि विद्यार्थी यदि किसी कार्य को करने का संकल्प मन में ठान लें तो उनके लिए कोई भी काम मुश्किल नहीं है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वच्छता के संदेश को अपने परिवार और आसपास के लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया।इस अवसर पर वीरेंद्र सिंह, अनुशासन अधिकारी घनेंद्र कुमार शर्मा सहित विद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम में मोर मुकुट वार्ष्णेय, मयंक वार्ष्णेय, गोलू, आर्यन और पराग समेत अन्य स्काउट्स ने योगदान दिया।

## बच्चों को बचाने में मोपेड फिसली, युवक घायल

**मोर्निंग सिटी हाथरस।** सासनी के आगरा-अलीगढ़ रोड पर जरैया मोड़ के पास सड़क पार कर रहे बच्चों को बचाने के प्रयास में शनिवार को मोपेड सवार धर्मेंद्र की मोपेड असंतुलित होकर फिसल गई। हादसे में धर्मेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने उसे 108 एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया। सूचना पर डायल 112 पुलिस भी अस्पताल पहुंची और घटना की जानकारी ली। अस्पताल स्टाफ ने परिजनों को सूचना दे दी।

## समाधान दिवस में पांच शिकायतें दर्ज



**मोर्निंग सिटी हाथरस।** थाना सासनी परिसर में शनिवार को तहसीलदार डॉली यादव की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस आयोजित हुआ। प्रभारी निरीक्षक विपिन चौधरी ने संचालन किया। समाधान दिवस में ग्रामीणों ने राजस्व, भूमि विवाद, रास्ते, नाली व कब्जे से संबंधित पांच शिकायतें दर्ज कराईं। तहसीलदार ने अधिकारियों-कर्मचारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। कुछ शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया, जबकि अन्य मामलों में संबंधित अधिकारियों को समयसीमा में कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

## किसान-मजदूर महिलाओं के सहयोग से बनेगी ग्रामीण समरसता



**मोर्निंग सिटी हाथरस।** गांव रूदायन में किसान और भूमिहीन खेत मजदूर परिवारों के लिए समरसता कार्यक्रम आयोजित किया गया। दिल्ली विश्वविद्यालय के मिरांडा हाउस और हिंदू कॉलेज की प्रोफेसर डॉ. चंद्रकांता के. माथुर ने कहा कि ग्रामीण भारत में खुशहाली और समरसता के लिए किसान व मजदूर परिवारों की महिलाओं का मिलकर काम करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि दोनों महिला समूहों से नेतृत्व का उभरना नवीन भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह कुशवाहा, श्याम प्रसाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

## दाऊजी मेले की शोभायात्रा का पहला निमंत्रण सौंपा

**मोर्निंग सिटी हाथरस।** दाऊजी महाराज के 115वें मेले के शुभारंभ पर 14 सितंबर को निकलने वाली शोभायात्रा का प्रथम निमंत्रण पत्र मेला रिसीवर जिलाधिकारी अतुल वत्स को सौंपा गया। इस दौरान शोभायात्रा और शिविर में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा भी भेंट की गई। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा, एसडीएम सदर एवं मेला मजिस्ट्रेट राजबहादुर सिंह तथा सीओ सिटी को भी निमंत्रण पत्र देकर पीत पटिका पहनाकर सम्मानित किया गया और सपरिवार शामिल होने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम में सभा अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र स्वरूप शर्मा फौजी, महोत्सव सभापति पं. विश्वनाथ पुरोहित सहित आयोजन समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे। वेद भगवान और दाऊजी महाराज के जयकारों के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## दाऊजी मेले में अश्लीलता पर रोक की मांग

**मोर्निंग सिटी हाथरस।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकताओं ने अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर दाऊजी महाराज के ऐतिहासिक मेले में कथित अश्लील कार्यक्रमों एवं आपत्तिजनक गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की। कार्यकताओं ने कहा कि करीब 115 वर्षों से आयोजित मेला श्रद्धा, संस्कृति और परंपरा का प्रतीक है, लेकिन पिछले वर्षों में कुछ कार्यक्रमों से इसकी धार्मिक एवं सांस्कृतिक गरिमा प्रभावित होने की शिकायतें सामने आई हैं। उन्होंने परिवार और बच्चों के साथ आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित एवं मर्यादित वातावरण सुनिश्चित करने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में विभाग अध्यक्ष राहुल उपाध्याय, जिला महामंत्री आशुतोष अग्रवाल, महेश कौशिक, वीरेंद्र सिंह राणा और नवीन सिंह राणा शामिल रहे।

## दाऊजी मेले के कार्यक्रम संयोजकों का स्वागत

**मोर्निंग सिटी हाथरस।** जिला हाथरस टेंट लाइट कैटरिंग फूल व्यापारी संगठन की ओर से पुष्पांजलि गेस्ट हाउस में दाऊजी महाराज मेले के कार्यक्रम संयोजकों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि पं. हरिमोहन शर्मा ने व्यापारी सम्मेलन के संयोजक सुरेशचंद्र अग्रवाल, पर्यावरण सम्मेलन के संयोजक भवतोष मिश्र, धार्मिक सम्मेलन के संयोजक पं. गणेशचंद्र वशिष्ठ और पं. मनोज दुबे का माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। अध्यक्षता हाजी साबिर अली ने की। संचालन गंगासरण सैनी ने किया। इस मौके पर बालकिशन शर्मा, बृजमोहन शर्मा, आशु सैनी, केके सिंह, किशन सहाय शर्मा, आरके सिंह और लालाराम मौजूद रहे।

## शिक्षामित्रों की समस्याओं के समाधान की मांग

**मोर्निंग सिटी हाथरस।** आदर्श समायोजित शिक्षक/शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री के नाम बीएसए को ज्ञापन सौंपकर प्रदेश के करीब 1.47 लाख शिक्षामित्रों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की। शिक्षामित्रों ने विशेष शिक्षक पात्रता परीक्षा में आवेदन का अवसर देने, सेवा नियमावली बनाकर सेवा स्थायी करने, सेवाकाल 62 वर्ष करने, लंबित स्थानांतरण प्रक्रिया पूरी करने तथा चिकित्सकीय अवकाश की सुविधा देने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष एवं मंडलिक मंत्री बृजेश वशिष्ठ सहित बड़ी संख्या में शिक्षामित्र मौजूद रहे।

## दाऊजी मेले की तैयारियों को लेकर डीएम ने दिए दिशा-निर्देश

**मोर्निंग सिटी हाथरस।** आगामी 17 सितंबर से शुरू होने वाले दाऊजी महाराज मेले की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी अतुल वत्स ने विकास भवन सभागार में कार्यक्रमों के समन्वयकों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करते हुए आपसी समन्वय से व्यवस्थाएं समय से पूरी करने को कहा। कार्यक्रमों के दौरान सुरक्षा, पार्किंग, यातायात, विद्युत, पेयजल और चिकित्सा व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए।पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने प्रशासन और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने तथा मेले में कानून-व्यवस्था और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए। उन्होंने बड़े कार्यक्रमों के दौरान विशेष सतर्कता बरतने को कहा। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप जिलाधिकारी सदर सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## नीलगाय के हमले में बुजुर्ग की मौत

**मोर्निंग सिटी हाथरस।** थाना हाथरस जंक्शन क्षेत्र के गांव हिम्मतपुर में शनिवार सुबह खेत पर शौच के लिए गए 65 वर्षीय रामगोपाल पुत्र रेशमलाल पर नीलगाय ने हमला कर दिया। रामगोपाल के शोर मचाने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और नीलगाय को खदेड़ा, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रामगोपाल खेती-बाड़ी कर परिवार का पालन-पोषण करते थे। उनकी मौत से परिवार में मातम है, वहीं घटना से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है।

## 13 साल पुराने डकैती कांड में सात दोषियों को 10-10 साल की सजा

**मोर्निंग सिटी हाथरस।** अपर सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-01 की अदालत ने 13 साल पुराने चर्चित डकैती कांड में सात अभियुक्तों को दोषी ठहराते हुए 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई है। हरिओम पाराशर उर्फ कनैटा, महेश सिंह, केशव पहलवान, हरिकिशन, मनीष पुजारी उर्फ मनीष कुमार, टिल्लू उर्फ कृष्ण गोपाल और पिन्टू उर्फ विक्रम को धारा 395, 397 और 412 बद्धउ में दोषी पाया गया। तीनों धाराओं में सुनाई गई सजाएं एक साथ चलेंगी।मामला 9 जुलाई 2012 का है। मुरसान फाटक के पास बदमाशों ने स्विफ्ट डिजायर कार को रोककर तमंचे के बल पर 11.88 लाख रुपये से भरी अटैची, मोबाइल और अन्य दस्तावेज लूट लिए थे। पुलिस ने 25 जुलाई 2012 को मुठभेड़ के बाद आरोपियों को लूटे गए माल और तमंचों सहित गिरफ्तार किया था। अभियोजन की ओर से एजीए गोविंद वशिष्ठ ने पैरवी की। अदालत ने अपराध को जघन्य बताते हुए कहा कि ऐसे अपराध करने वाले किसी सहानुभूति के हकदार नहीं हैं।

## वार्ष्णेय महिला एसोसिएशन ने मनाया नन्दोत्सव



मोर्निंग सिटी

**हाथरस।** अखिल भारतीय वार्ष्णेय महिला एसोसिएशन की ओर से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में नन्दोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महिलाओं ने बधाई गीत और भजन प्रस्तुत कर भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की खुशी मनाई। जयकारों से कार्यक्रम स्थल भक्तिमय हो उठा। महिलाओं ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का गुणगान करते हुए नन्दोत्सव का आनंद लिया।कार्यक्रम में डिंपल वार्ष्णेय, श्वेता वार्ष्णेय, कल्पना वार्ष्णेय, रेणु वार्ष्णेय, मधु वार्ष्णेय, प्रियांशी वार्ष्णेय, प्रीति वार्ष्णेय, हिमानी वार्ष्णेय, सुनीता वार्ष्णेय, अर्चना वार्ष्णेय, इंद्रा वार्ष्णेय, बीना वार्ष्णेय, आरती वार्ष्णेय, मंजु वार्ष्णेय, नीलम वार्ष्णेय, संगीता वार्ष्णेय, ईशा वार्ष्णेय, आशु वार्ष्णेय, साधना वार्ष्णेय, लक्ष्मी वार्ष्णेय, चित्रा वार्ष्णेय, अंजू वार्ष्णेय, पूजा वार्ष्णेय, प्रगति वार्ष्णेय और रागिनी वार्ष्णेय सहित अन्य महिला सदस्य मौजूद रहीं।

## महिला अस्पताल में 100 सिजेरियन का लक्ष्य, निजी विशेषज्ञ भी किए अनुबंधित



मोर्निंग सिटी

**हाथरस।** जनपद में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अतुल वत्स ने पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के साथ जिला चिकित्सालय और जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। महिला अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर में उन्होंने सिजेरियन प्रसव की संख्या बढ़ाने को लेकर चिकित्सकों से चर्चा की और महिला चिकित्सकों की जांच व अल्ट्रासाउंड के जरिए जटिल गर्भावस्थाओं को आठवें माह में ही चिन्हित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जिला महिला चिकित्सालय में 100 सिजेरियन ऑपरेशन कराने का लक्ष्य निर्धारित किया। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि लक्ष्य पूरा करने के लिए निजी क्षेत्र के तीन महिला रोग विशेषज्ञों को आनकाल व्यवस्था में अनुबंधित किया गया है। प्रत्येक सिजेरियन ऑपरेशन के लिए विशेषज्ञ को 4,000 रुपये का भुगतान किया जाएगा। निमार्णाधीन 50 शय्यायुक्त क्रिटिकल केयर यूनिट का भी निरीक्षण किया गया, जहां संचालन शुरू होने के बाद सिजेरियन की सुविधा भी शुरू करने की जानकारी दी गई।जिला अस्पताल के नए इमरजेंसी ब्लॉक में डीएम ने मरीजों और तीमारदारों से स्वास्थ्य सेवाओं का फीडबैक लिया। करीब 18 माह के आर्यन को खून की कमी होने पर त्वरित रक्त की जरूरत सामने आई। डीएम के अनुरोध पर एसपी चिरंजीव नाथ सिन्हा के सहयोग से कुछ ही समय में रक्तदाता की व्यवस्था कर एक यूनिट रक्त उपलब्ध कराया गया। निरीक्षण के दौरान इमरजेंसी भवन के पीछे जलभराव के स्थायी समाधान और अस्पताल के मुख्य द्वार से इमरजेंसी ब्लॉक तक सड़क निर्माण के निर्देश भी दिए गए।

## लंबी कानूनी लड़ाई के बाद वैध भूमि स्वामी को मिला भौतिक कब्जा



मोर्निंग सिटी

**हाथरस।** क्षेत्र में प्रशासनिक अमले ने एक बड़ी और सख्त कार्रवाई करते हुए लंबे समय से चल रहे विवाद का निपटारा कर दिया है। क्षेत्र के गांव समामई रूहल रोड स्थित एक बहुप्रतीक्षित भूमि विवाद मामले में प्रशासन ने हस्तक्षेप करते हुए वैध स्वामी को उनकी जमीन का वास्तविक और भौतिक आधिपत्य दिलवा दिया है। यह कार्रवाई एक लंबी और जटिल कानूनी प्रक्रिया के पूर्ण होने के बाद संभव हो सकी है।

शुक्रवार को प्रशासनिक अफसरों के अनुसार सासनी निवासी राजीव कुमार भार्गव की जमीन समामई रूहल मार्ग पर थी। जिसे लेकर काफी समय से भौतिक कब्जा दिलाने हेतु कार्रवाई चल रही थी। भौतिक कब्जा दिलाते वक्त पूर्व निर्धारित योजना और समय सारिणी के अनुसार प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। इस दौरान चकबंदी विभाग की विशेष टीम और राजस्व विभाग के तमाम वरिष्ठ अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ विवादित स्थल पर पहुंचे। प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी और देखरेख में भूमि के असली हकदार राजीव कुमार भार्गव सासनी और उनके परिवार के अन्य सदस्यों को उनकी कानूनी और वैध भूमि पर भौतिक कब्जा सुपुर्द किया गया। इस पूरी कार्रवाई के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने और कानून-व्यवस्था की स्थिति को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए स्थानीय पुलिस बल मौके पर पूरी तरह तैनात रहा। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के कड़े पहरे तथा सूझबूझ के चलते यह पूरी संवेदनशील प्रक्रिया पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई, जिससे वैध भूमि स्वामी को आखिरकार न्याय मिल गया है।

## उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत के साथ बनेगी पीडीए सरकार : महेश कश्यप

मोर्निंग सिटी




**हाथरस।** सिकंदराराऊ के कासगंज रोड स्थित ममता फार्म हाउस में समाजवादी पार्टी का पीडीए जनपंचायत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लटूरी सिंह द्वारा एवं संचालन महेश चंद्र द्वारा किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सचिव महेश कश्यप मौजूद रहे। कार्यक्रम में विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश बघेल, जिलाध्यक्ष देवेंद्र कुशवाहा, पूर्व जिला अध्यक्ष ओमवती यादव, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बंटी यादव, बनी सिंह बघेल, धीरज पांडे, सुमंत किशोर सिंह मंच पर मौजूद थे। आयोजकों ने मुख्य अतिथि एवं विशेष आमंत्रित अतिथियों का फूल मालाएं, पटका व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम से पूर्व सिकंदराराऊ की सीमा पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश बघेल द्वारा प्रदेश सचिव महेश कश्यप का जोशीला स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव महेश कश्यप ने कहा कि आगामी 2027 विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत के साथ सपा सरकार बनने जा रही है, मौजूदा भाजपा सरकार में हर व्यक्ति अपने आप को पीड़ित एवं ठगा महसूस कर रहा है। आज उत्तर प्रदेश में हर वर्ग विशेष जाति के लोग समाजवादी पार्टी के साथ हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौजूद डॉ ललित बघेल, संजीव यादव, मनोज बघेल, विजेंदर जाटव, संदीप वाल्मीकि, ब्रह्मदेव कश्यप, रोहन सिंह, सूरजपाल सिंह, सतीश लोधी, नुसरत अली, मोहम्मद रफीक, राहुल अग्निहोत्री, योगेंद्र भारती, कायम सिंह, प्रमोद कुमार आदि मौजूद रहे।

## गणेश महोत्सव में होगा सात कुंतल लड्डुओं से मोदक श्रृंगार

मोर्निंग सिटी



हाथरस। होली वाली गली स्थित चमत्कारी गणेश मंदिर पर गणेश सेवा मित्र मंडल की ओर से 14 व 15 सितंबर को 24वां वार्षिक स्थापना महोत्सव मनाया जाएगा। महोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं और मंदिर की रंगाई-पुताई के साथ आकर्षक सजावट कराई जा रही है।महोत्सव का प्रमुख आकर्षण करीब सात कुंतल लड्डुओं से होने वाला भव्य मोदक श्रृंगार रहेगा।

इसके लिए करीब साढ़े तीन कुंतल वजन का विशाल मोदक भी तैयार किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार मोदक व लड्डू श्रृंगार के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।मंडल पदाधिकारियों ने प्रेस वार्ता में बताया कि 14 सितंबर को सुबह सात बजे गणेश महाराज का महाभिषेक, शाम सात बजे मोदक श्रृंगार और 7:30 बजे डमरू संग महाआरती होगी। 15 सितंबर को शाम सात बजे फूलबंगला और 7:30 बजे महाआरती होगी, जबकि शाम पांच बजे से श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी वितरित की जाएगी।अध्यक्ष मनीष कूलवाल, कोषाध्यक्ष सन्जू भगत, महामंत्री श्याम वर्मा, उपाध्यक्ष प्रशान्त वर्मा, सह कोषाध्यक्ष रवि वर्मा, संयोजक कपिल अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राहुल मटरुमल, उपाध्यक्ष लोकेश वर्मा, मंत्री लखन गुप्ता, राम लखन, दिवाकर वर्मा, राजेश वर्मा रेवाड़ी, देवेश पंडित, सह महामंत्री मोहन वर्मा, सह मंत्री महेश वर्मा सेनापति सहित अन्य पदाधिकारी व्यवस्थाओं में जुटे हैं। संरक्षक रवि चौहान भट्टे वाले, डॉ. विकास शर्मा, डौली माहौर, बन्टी अग्रवाल, विशेष सहयोगी मनोज कातिब, वंशी पंडित व विवेक गुप्ता का सहयोग रहेगा। जलेसर चेयरमैन गौरी वर्मा के विशेष आगमन की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के सलाहकार आशीष सेंगर हैं।

## बाबा नीम करौली की जन्मस्थली बनेगी भव्य धार्मिक-पर्यटन केंद्र

मोर्निंग सिटी



**फिरोजाबाद।** बाबा नीम करौली की जन्मस्थली अकबरपुर/नागऊ को देश-विदेश के श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए प्रमुख धार्मिक एवं आध्यात्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की कवायद तेज हो गई है। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने गुरुवार को बाबा नीम करौली धाम पहुंचकर मौके पर चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया और प्रस्तावित पर्यटन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।निरीक्षण के दौरान डीएम ने उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति-2022 के तहत स्वीकृत नीम करौली बाबा सर्किट तथा जन्मस्थली के विकास कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने और सभी परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

लखनऊ से वृंदावन तक जुड़ेगा बाबा नीम करौली सर्किट जिलाधिकारी ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा पर्यटन नीति-2022 में संशोधन के बाद नीम करौली बाबा सर्किट को महत्वपूर्ण पर्यटन परियोजना के रूप में शामिल किया गया है। इस सर्किट में लखनऊ, फरुर्खाबाद, फिरोजाबाद की बाबा नीम करौली जन्मस्थली अकबरपुर/नागऊ और मथुरा-वृंदावन को जोड़ा गया है। इससे बाबा नीम करौली से जुड़े प्रमुख स्थलों को एक पर्यटन श्रृंखला के रूप में विकसित करने में मदद मिलेगी।तीन चरणों में हो रहा जन्मस्थली का विकास जन्मस्थली पर पर्यटन विभाग की ओर से विभिन्न चरणों में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। फेज-1 में करीब 8.65 करोड़ रुपये की लागत से डॉरमेट्री, रेस्तरां, सभा स्थल, डिजिटल लाइब्रेरी, सीसी रोड, सेप्टिक टैंक, समरसेबल पंप और साइट डेवलपमेंट समेत विभिन्न कार्य कराए जा रहे हैं।

वहीं फेज-2 के लिए करीब 2.22 करोड़ रुपये की परियोजना स्वीकृत है। इसमें टॉयलेट ब्लॉक, गार्ड रूम, सीसी रोड, नाली, पेवर, ट्यूबवेल, बाहरी विद्युत कार्य और म्यूरल वर्क जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी।इसके अलावा ग्रामीण पर्यटन विकास योजना के तहत करीब 55.44 लाख रुपये से प्रवेश द्वार, साइनेज, बैठने के लिए बेंच, डस्टबिन सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाया जा रहा है।5 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर बनेगा भव्य कॉरिडोर जन्मस्थली के समग्र विकास के लिए पर्यटन विभाग ने भव्य कॉरिडोर विकसित करने की योजना तैयार की है। इसके लिए जन्मस्थली के आसपास 5 हेक्टेयर से अधिक भूमि के क्रय की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ाई जा रही है।भूमि उपलब्ध होने के बाद प्रस्तावित परिसर में श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। योजना में भव्य प्रवेश द्वार, पर्यटन सुविधा केंद्र एवं आश्रम, ध्यान एवं वेलनेस सेंटर, बहुउद्देशीय सभा स्थल, पार्किंग, फूड कोर्ट, म्यूजियम एवं इंटरप्रिटेशन सेंटर, ओपन एयर थिएटर तथा प्रसाद मंडप/डाइनिंग हॉल जैसी सुविधाएं प्रस्तावित हैं। डीएम ने निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को सभी कार्यों की नियमित निगरानी करने तथा निर्माण में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा कर श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

## श्री दाऊजी मेला को राजकीय मेला घोषित करने पर सीएम योगी का गुड्डू भैया ने जताया आभार

मोर्निंग सिटी



**हाथरस।** उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज से लखनऊ में उनके आवास पर उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण श्रम एवं विकास सहकारी संघ की प्रबंध समिति की सदस्य/ निदेशक श्रीमती पूनम सिंह और भाजपा जिला महामंत्री ठाकुर राजेश कुमार सिंह गुड्डू भैया द्वारा शिष्टाचार भेंट की गई और उनके द्वारा कई मुद्दों को लेकर अनुरोध करते हुए चर्चा भी की गई।उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज से लखनऊ में उनके आवास पर उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण श्रम एवं विकास सहकारी संघ की प्रबंध समिति की सदस्य/ निदेशक श्रीमती पूनम सिंह और भाजपा जिला महामंत्री ठाकुर राजेश कुमार सिंह गुड्डू भैया द्वारा शिष्टाचार भेंट करते हुए उन्होंने सबसे पहले ब्रज के प्रसिद्ध व ऐतिहासिक लक्खी मेला श्री दाऊजी महाराज महोत्सव को राजकीय मेला घोषित करने पर मुख्यमंत्री का आभार जताया। वहीं भाजपा जिला महामंत्री ठा. राजेश कुमार सिंह गुड्डू भैया द्वारा मुख्यमंत्री को मेला महोत्सव में आगमन हेतु आमंत्रण दिया तथा उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि जिले में चार तहसील हैं और इनमें 4 एसडीएम कार्यरत हैं। लेकिन तहसील सासनी में सीओ सर्किल नहीं है। उन्होंने मुख्यमंत्री से तहसील सासनी में सीओ सर्किल बनाने हेतु भी अनुरोध किया।इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज से भाजपा जिला महामंत्री गुड्डू भैया एवं उनकी धर्मपत्नी व यूपीसीएलडीएफ की निदेशक श्रीमती पूनम सिंह द्वारा आशीर्वाद लिया और उन्हें समय देने के लिए उन्होंने उनका आभार एवं धन्यवाद व्यक्त भी किया। इस दौरान उनके साथ विभा जादौन भी उपस्थित थीं।

## राज्य अध्यापक पुरस्कार मिलने पर अश्वनी जैन का डीआईओएस ने किया सम्मान

मोर्निंग सिटी



**फिरोजाबाद।** गोरखपुर में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर-कमलों द्वारा श्री महावीर दिगम्बर जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज के नागरिक शास्त्र प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन को मानविकी वर्ग में राज्य अध्यापक पुरस्कार प्रदान किए जाने पर जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद श्रीमती मुदिता पाण्डेय ने उनका सम्मान किया डीआईओएस ने अश्वनी कुमार जैन को पटका पहनाकर, मिष्ठान खिलाकर एवं प्रतीक चिह्न भेंट करते हुए राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त करने पर हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अश्वनी जैन कई वर्षों से इस पुरस्कार के प्रतिभागी रहे हैं तथा विज्ञान एवं शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। विद्यालय की विभिन्न शैक्षिक एवं सह-शैक्षिक गतिविधियों में उनकी सक्रिय सहभागिता रहती है।अश्वनी कुमार जैन को यह पुरस्कार विद्यार्थियों में नागरिक शास्त्र विषय के प्रति रुचि बढ़ाने, विषय में नवाचार करने तथा विद्यालय में विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों के संचालन के लिए प्रदान किया गया है। उनके द्वारा नागरिक शास्त्र मेला, भारतीय संसद का मॉडल निर्माण, संविधान की प्रस्तावना का पाठ, संविधान क्विज, पोस्टर प्रतियोगिता, पैनल बोर्ड के माध्यम से वीडियो अध्ययन, शैक्षिक भ्रमण एवं टीएलएम के माध्यम से शिक्षण जैसी गतिविधियां कराई जाती हैं।इसके अलावा वह विद्यालय की विभिन्न प्रतियोगिताओं में सक्रिय योगदान देने के साथ महापुरुषों की जयंती एवं राष्ट्रीय पर्वों पर मंच संचालन की जिम्मेदारी भी निभाते हैं। नगर पालिका परिषद सिरसागंज के स्वच्छ भारत अभियान के ब्रांड एंबेसडर के रूप में उन्होंने स्वच्छता संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों और वृक्षारोपण अभियानों में भी सहभागिता की। विद्यार्थियों को संसद, चुनाव एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था की जानकारी देने के साथ सामाजिक कार्यों में भी उनकी अग्रणी भूमिका रही है।डीआईओएस श्रीमती मुदिता पाण्डेय ने कहा कि अश्वनी जैन जनपद के विभिन्न प्रशासनिक कार्यों में भी सहयोग प्रदान करते हैं। साथ ही वह जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के जिला समन्वयक के रूप में सफलतापूर्वक कार्य कर रहे हैं। उनके प्रयासों से जनपद की प्रतिभाओं को राज्य स्तर तक प्रतिभाग करने का अवसर मिल रहा है।

## लगातार तीसरी बार राजू शर्मा को मिली पत्रकार सम्मेलन की कमान

मोर्निंग सिटी



**हाथरस।** दाऊजी महाराज राजकीय मेले में लगने वाले ब्राह्मण शिविर में 25 सितंबर को ब्राह्मण समाज का विशाल पत्रकार सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन की कमान लगातार तीसरी बार वरिष्ठ पत्रकार राजू शर्मा को संयोजक की जिम्मेदारी देकर सौंपी गई है। संयोजक मनोनीत होने पर राम दरबार मंदिर, राम चौक तालाब चौराहा पर उनका सम्मान किया गया।मंदिर के पुजारी और समाज के लोगों ने राजू शर्मा को माला व दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया। राजू शर्मा ने कहा कि लगातार तीसरी बार जिम्मेदारी मिलना उनके लिए गर्व का विषय है और वह समाज के पत्रकारों को एक मंच पर लाने के लिए पूरी निष्ठा से प्रयास करेंगे।इस अवसर पर ब्राह्मण शिविर के मुख्य संयोजक दिलीप कुमार उपाध्याय, संयोजक विश्वनाथ उपाध्याय, वरिष्ठ पत्रकार अनिल शर्मा, राहुल शर्मा, मंदिर पुजारी हरगोविंद शर्मा, प्रवीण शर्मा, अशोक रावत, संजय दीक्षित, संजय शर्मा और नीरज चक्रपाणि,मयंक वशिष्ठ सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# चार साल से मनरेगा मजदूरों का नहीं हुआ भुगतान, अधिकारियो के लगाई गुहार

मोर्निंग सिटी



**रसूलाबाद (कानपुर देहात)** मनरेगा का कार्य करने के बावजूद गरीब मजदूरों का पिछले चार वर्षों से भुगतान न होने से अब गरीब मजदूर अधिकारियो के चौखट के चककर लगाने को मजबूर हो गए है ' वहीं रोजगार सेवक पर मनमाने ढंग से कार्य कराये जाने का भी आरोप लगाया है ' दरअसल पूरा मामला जनपद कानपुर देहात के तहसील व विकास खंड रसूलाबाद क्षेत्र के दहेली गाँव का है ' जहाँ के रहने वाले गरीब मजदूरों नें अपना अपना दुखड़ा सुनाया ' मामले से सम्बंधित प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी को देकर भुगतान किये जाने की गुहार लगाई ' जिसमें उन्होंने बताया कि वे सभी भूमिहीन गरीब मजदूर है ' रोजगार सेवक निधि कुशवाहा के कहने पर अमृत सरोवर तालाब में मनरेगा के अंतर्गत 25/05/2022 से लेकर 15/08/2022 तक वे सब लोगों नें मजदूरी का कार्य किया था ' जिसमें सुल्तान अली 24 दिन, नाथूराम 32 दिन,मुकेश 65 दिन, अनीता देवी 32 दिन, कमलेश 45 दिनो की मजदूरी का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है ' आरोप लगाते हुए कहा कि यदि गरीब मजदूर रुपए भुगतान के लिए ज्यादा कहते है तो रोजगार सेवक के पिता अशोक कुशवाहा व भाई रजत कुशवाहा उन्हें डरा धमकाकर भगा देता है और कहते है कि जो करना हो करलो चाहे जिस अधिकारी से शिकायत करनी है तो करो मुझे कुछ नहीं होने वाला ' गौरतलब हो कि ग्राम रोजगार सेवक की शादी सन 2021 में अन्य जनपद में हो चुकी है ' तब से उनका पूरा कार्य पिता व भाई देख रहे है '

वहीं प्रधान प्रतिनिधि नें बताया कि रोजगार सेवक निधि कुशवाहा मनरेगा का कार्य मनचाहे ढंग से किया करती थी ' शादी के बाद से उनके पिता व भाई जबरन कार्य की देखरेख कर रहे है ' उनसे यदि ज्यादा कुछ कहो तो बदतमीजी पर आमादा हो जाते है ' यह भी बताया कि अपात्र जो लोग मनरेगा कार्य करने गए भी नहीं उनका भुगतान कर दिया गया ' जबकि अमृत सरोवर तालाब में कार्य करने गए उनका भुगतान न होना दुर्भाग्य की बात है ' अब देखना होगा आखिर कब तक इन मजदूरों को उनकी मेहनत का फल भुगतान हो पायेगा '

# सामाजिक न्याय एवं पी.डी.ए महापंचायत में उमड़ा सपा कार्यकर्ताओ का जन सैलाब

मोर्निंग सिटी




**सिकंदरा (कानपुर देहात)** विधानसभा सिकंदरा के गाँव रसधान हाईवे किनारे अटल गेस्ट हाउस में सपाइयों द्वारा महामना रामस्वरूप वर्मा जी की स्मृति में सामाजिक न्याय एवं पीडीए महापंचायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया ' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक आर.के वर्मा, इटावा सांसद जीतेन्द्र दोहरे व विशिष्ट अतिथि अनीस राजा प्रदेश अध्यक्ष मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड, एसपी सिंह बघेल प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी शिक्षक सभा का फूलमाला पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया ' वहीं कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व सांसद/राष्ट्रीय सचिव राजाराम पाल नें जबकि अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अरुण यादव बबलू राजा नें की ' मुख्य अतिथि आर.के वर्मा ने उपस्थित लोगों व कार्यकर्ताओ से कहा कि मुस्लिम व यादव समाज के अलावा अन्य सभी समाज के लोगों का उत्पीड़न भाजपा कार्यकाल में हुआ है। सभी समाज के लोगों का सम्मान और हित समाजवादी पार्टी में सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि महामना रामस्वरूप वर्मा जी के आदर्शों और सिद्धांतों पर चलने वाली पार्टी समाजवादी पार्टी है। वहीं प्रदेश अध्यक्ष अनीस राजा नें कहा कि समाज से अपने अधिकारों और ताकत के प्रति जागरूक होने तथा एकजुट होकर इस तानाशाह बीजेपी सरकार को सत्ता से बाहर करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से पीडीए समाज के नेताओं ने जनता के अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष किया है।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भगवान राम मंदिर में चंदे से जुड़े कथित अनियमितताओं के मुद्दे को उठाकर देश का ध्यान आकर्षित किया है और वह निडर नेता हैं।

वहीं कार्यक्रम में सभी अतिथियों का स्वागत व संचालन पवन कटियार ने किया। इस मौके पर संजय शुक्ला,तुलाराम कोरी,मुन्ना खान,मनोज यादव,काशिफ खान,श्यामू ठाकुर,जावेद खान,अंकित कटियार समेत सैंकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे '

## संदिग्ध अवस्था में खेत में पड़ा मिला बुजुर्ग किसान का शव, पुलिस जाँच में जुटी

मोर्निंग सिटी



**मंगलपुर (कानपुर देहात)** देरशाम खेतो की रखवाली करने गए बुजुर्ग किसान की संदिगध अवस्था में शव मिलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया ' जानकारी पर पहुंचे परिजनों का रों रोकर बुरा हाल हो गया ' सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंची थाना पुलिस व क्षेत्राधिकारी नें जाँच पड़ताल शुरू की '

जानकारी के मुताबिक थाना मंगलपुर क्षेत्र के ररौख गाँव निवासी बुजुर्ग किसान रामप्रकाश (70) वर्ष शुक्रवार देरशाम घर से खाना खाकर अपने खेतो में खड़ी फसल को आवारा जानवरो से बचाव के लिए रखवाली करने गए थे ' सुबह होने पर गाँव के अन्य किसान नजदीक के खेतो में टहल रहे थे ' तभी अचानक उनकी निगाह मृत अवस्था में पड़े बुजुर्ग किसान पर पड़ी तो देखा दोनों ऑखें गायब थी ' चेहरा लहूलुहान होने की वजह से सोते समय किसी जंगली जानवर के हमले की आशंका जताई जा रही है ' वहीं तत्काल ग्रामीणों नें घटना की जानकारी परिजनों को दी ' मौके पर पहुंचे परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया ' संदिग्ध अवस्था में शव होने के कारण परिजनों की सूचना पर घटना स्थल पर पहुंची थाना मंगलपुर पुलिस व क्षेत्राधिकारी नें गहनता से जाँच पड़ताल शुरू की ' जिसके बाद बुजुर्ग किसान के शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवाया गया

## प्रसव के दौरान महिला की मौत मामले में न्याय न मिलने पर दीक्षा यादव नें सैकड़ों ग्रामीणों को साथ लेकर डीएम कार्यालय का घेराव किया

मोर्निंग सिटी



**माती(कानपुर देहात)** तहसील सिकंदरा क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हवासपुर में प्रसव के दौरान चिकित्सकीय उपचार के बाद दशहरी गाँव निवासिनी गर्भवती महिला शिवानी देवी की मृत्यु के मामले में पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने एवं जिम्मेदार चिकित्सा अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर शनिवार को एक उम्मीद जनकल्याण सेवा समिति की राष्ट्रीय सचिव दीक्षा यादव की अगुवाई में बड़ी संख्या में लोगों ने जिलाधिकारी कार्यालय माती का घेराव कर प्रदर्शन किया।

इस दौरान प्रदर्शन में सैकड़ों लोगों ने शामिल होकर पीड़ित परिवार के समर्थन में आवाज उठाई और मामले में दोषी पाए जाने वाले जिम्मेदार चिकित्सकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। वहीं एक उम्मीद जन कल्याण सेवा समिति ने भी पीड़ित परिवार के समर्थन में प्रदर्शन में सक्रिय भागीदारी की। समिति की ओर से दीक्षा यादव ने प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए प्रशासन के समक्ष पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने तथा पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग रखी। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि प्रसव के दौरान कथित लापरवाही,आवश्यक उपचार उपलब्ध न कराने,समय पर रेफर न किए जाने तथा अन्य आरोपों की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदारी तय की जाए। प्रदर्शनकारियों ने यह भी मांग की कि जांच में जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाए उसके विरुद्ध कठोर कानूनी एवं विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रदर्शन के दौरान प्रशासन की ओर से प्रतिनिधियों के साथ वार्ता की गई और पीड़ित परिवार को 30 हजार रुपए की आर्थिक सहायता/मुआवजा दिए जाने का आश्वासन दिया गया। इसके साथ ही प्रशासन द्वारा बताया गया कि संबंधित स्टाफ नर्स प्रिया सचान के निलंबन का आदेश जारी कर दिया गया है। प्रशासन की ओर से प्रदर्शनकारियों को निष्पक्ष एवं स्वतंत्र जांच का आश्वासन दिया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जांच में यदि कोई भी व्यक्ति दोषी पाया जाता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी और किसी भी दोषी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन की ओर से यह भी आश्वासन दिया गया कि अगले तीन दिनों के भीतर जाँच में दोषी पाए जाने पर प्रभारी के निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जांच पूरी होने के बाद यदि तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर आपराधिक कृत्य/हत्या का मामला बनता है तो संबंधित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की जाएगी।

एक उम्मीद जन कल्याण सेवा समिति नें प्रशासन से मांग की कि जांच पूरी तरह निष्पक्ष एवं पारदर्शी हो, प्रशासन द्वारा दिए गए आश्वासनों के बाद प्रदर्शनकारियों ने न्याय की प्रक्रिया पर भरोसा जताया और कहा कि यदि निर्धारित समय में कार्रवाई नहीं होती है तो पीड़ित परिवार के न्याय के लिए आगे भी लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से आवाज उठाई जाएगी।

## नहर में अधेड़ का शव मिलने से राहगीरो में मचा हड़कंप,मौके पर पहुंची पुलिस '

मोर्निंग सिटी



**सिकंदरा (कानपुर देहात)** शनिवार को संदिगध परिस्थितियों में नहर में उतराता हुआ अधेड़ का शव मिलने से राहगीरो व ग्रामीणों में हड़कंप मच गया ' मौके पर पहुंची पुलिस नें शव को नहर से बाहर निकलवाकर जाँच पड़ताल शुरू की '

गौरतलब हो कि मृतक सामंन्त सिंह पुत्र शिवराम सिंह उम्र लगभग 45 वर्ष निवासी ग्राम सिंगरौली थाना अमराहट जनपद कानपुर देहात जो कि शुक्रवार को समय लगभग आठ बजे अपनी पल्सर मोटरसाइकिल वढ 77 अह1228 से कस्बा सिकंदरा से अपने घर के लिए निकला था। घर वालों द्वारा रात में मृतक के मोबाइल पर संपर्क करने के प्रयास पर मोबाइल स्विच ऑफ होना पाया गया ' रात में परिजनों द्वारा मृतक को खोजने पर कोई जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी थी। शनिवार को सुबह मृतक के परिजन थाने पर समय लगभग 10 बजे उपरोक्त सूचना लेकर उपस्थित आए इस सूचना पर स्थानीय फोर्स के सहयोग से मृतक सामंत सिंह को कस्बा सिकंदरा में हरिहरपुर चौराहे से अमराहट जाने वाले सड़क मार्ग पर सीसीटीवी कैमरा आदि के माध्यम से परिजनों व स्थानीय लोगों के सहयोग से खोजबीन प्रारंभ की गई समय लगभग 11 बजे ग्राम नसीरपुर क्षेत्र स्थित हरिहरपुर अमराहट रोड स्थित रामगंगा निचली नहर पुलिया के पास किनारे मोटरसाइकिल के टायर के निशान मिलने के आधार पर नहर पुलिया में मृतक व मृतक की मोटरसाइकिल की खोजबीन की गई तो पुलिया के नीचे फंसी हुए मृतक की मोटरसाइकिल प्राप्त हुई तथा और गोताखोरों की मदद से तलाश करने पर पुलिया से लगभग 200 मीटर आगे मृतक का शव पाया गया। इस सूचना पर मौके पर मय फोर्स के उपस्थित आया। मृतक के शव का निरीक्षण करने पर मृतक के सिर में गंभीर चोटें पाए जाने व मृतक के परिजनों द्वारा सामंत सिंह उपरोक्त की मृत्यु किसी दुर्घटना में होने की संभावना प्रकट किए जाने के कारण जनपदीय फॉरेंसिक फील्ड यूनिट को सूचना दी गई फील्ड यूनिट के आने के बाद नियमानुसार साक्ष्य संकलन की कार्यवाही करते हुए मृतक के शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई हेतु मोर्चरी भेजा गया '

## जनता दर्शन में 40 शिकायतें लेकर पहुंचे फरियादी, राज्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

मोर्निंग सिटी



**अकबरपुर (कानपुर देहात)** उत्तर प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री एवं अकबरपुर सदर विधायक प्रतिभा शुक्ला ने शनिवार को रामजानकी महाविद्यालय बैरी सवाई स्थित जनसंपर्क कार्यालय में जनता दर्शन के दौरान अकबरपुर-रनिया विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए लोगों से भेंट कर उनकी निजी एवं सार्वजनिक समस्याओं को गंभीरता से सुना। जनता दर्शन में करीब 40 शिकायतें प्राप्त हुईं।

सर्वाधिक शिकायतें कानून-व्यवस्था से संबंधित रहीं। राज्यमंत्री ने इन मामलों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्रद्धा नरेंद्र पांडेय से फोन पर वार्ता कर संबंधित प्रकरणों का शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण कराने के निर्देश दिए। वहीं, राजस्व विभाग से जुड़े मामलों के समाधान के लिए उपजिलाधिकारी मैथा प्रतिभा मिश्रा को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जनता दर्शन में क्षेत्रवासियों ने सड़क, बिजली, चिकित्सा और जल निकासी सहित अन्य समस्याएं भी राज्यमंत्री के समक्ष रखीं। प्रतिभा शुक्ला ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि जनसेवा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुनना और उनका त्वरित समाधान कराना सेवा संकल्प का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनता की शिकायतों के प्रति संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए उन्हें अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

## राजपुर पुलिस द्वारा बाजार/सार्वजनिक स्थान पर महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण और कानूनी अधिकारों हेतु चलाया गया जागरूकता अभियान

मोर्निंग सिटी



**राजपुर (कानपुर देहात)** मिशन शक्ति फेज-5 के द्वितीय चरण के अन्तर्गत शनिवार को पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय के निर्देशन में जनपदीय थाना पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को बाजारों, सार्वजनिक स्थानों, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जागरूक किया गया। इस अभियान के माध्यम से सैकड़ों महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण, कानूनी अधिकारों तथा अपराधों से बचाव के उपायों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। अभियान के दौरान महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर 181 - महिला हेल्पलाइन,1090 - महिला शक्ति लाइन,1098 - चाइल्ड हेल्पलाइन,112 - इमरजेंसी हेल्पलाइन,1076 - पुलिस कंट्रोल रूम आदि की जानकारी दी गयी। इसके अतिरिक्त, **UPCOP** ऐप के माध्यम से पुलिस सेवाओं का त्वरित लाभ उठाने तथा सोशल मीडिया पर व्याप्त साइबर अपराधों (फिशिंग, साइबर स्टॉकिंग, फर्जी प्रोफाइल/खातों से संबंधित धोखाधड़ी आदि) से बचाव के व्यावहारिक जानकारी दी गयी । महिलाओं को उनके कानूनी अधिकार ढडउरड एक्ट (बाल यौन शोषण से संरक्षण),दहेज निषेध अधिनियम,घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, साइबर अपराधों से संबंधित सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की जानकारी प्रदान की गयी । मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करने की दिशा में यह अभियान निरंतर संचालित है। इसका मूल उद्देश्य समाज में महिलाओं को सशक्त एवं सुरक्षित महसूस कराना तथा अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति को मजबूत करना है। कानपुर देहात पुलिस सभी महिलाओं एवं बालिकाओं से अपील करती है कि वे किसी भी प्रकार की असुरक्षा या अपराध की स्थिति में तुरंत निकटतम पुलिस थाने या उपरोक्त हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें। हम सब मिलकर एक सुरक्षित,सम्मानजनक एवं सशक्त समाज का निर्माण करें ।

## शादी के महज डेढ़ महीने बाद पति ने लोहे की रॉड से हमला कर पत्नी की हत्या की,आरोपी पति गिरफ्तार

मोर्निंग सिटी



**अकबरपुर (कानपुर देहात)** जनपद के थाना अकबरपुर क्षेत्र अंतर्गत नेहरू नगर (वार्ड नंबर 14) में पारिवारिक विवाद के चलते एक युवक द्वारा अपनी ही पत्नी की लोहे की रॉड मारकर निर्मम हत्या करने का गंभीर मामला सामने आया है। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी पति ने स्वयं यूपी-112 (डायल 112) पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची अकबरपुर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर वैधानिक कार्यवाही शुरू कर दी है।

?प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी गजेंद्र संखवार पुत्र/निवासी ग्राम दुदौली (थाना डेरापुर) वर्तमान में अकबरपुर के नेहरू नगर वार्ड संख्या 14 में किराए का मकान लेकर रह रहा था। सुबह लगभग 11:30 बजे उसने 112 पर कॉल करके बताया कि घरेलू कलह के कारण उसने अपनी पत्नी सपना उर्फ आसमा की लोहे की रॉड से हमला कर हत्या कर दी है। कॉल मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल महिला को तत्काल उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस की शुरूआती पूछताछ में आरोपी गजेंद्र ने स्वीकार किया कि उसने करीब दो माह पूर्व ही सपना उर्फ आसमा के साथ कोर्ट मैरिज की थी। शादी के बाद से ही दोनों के बीच पारिवारिक विवाद चल रहा था, जिसके चलते रविवार को बात बढ़ने पर उसने लोहे की रॉड से हमला कर दिया। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि परिजनों से तहरीर प्राप्त कर सुसंगत धाराओं में अभियोग दर्ज किया जा रहा है और मौके पर शांति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य है।

अपर पुलिस अधीक्षक का बयान गजेंद्र संखवार द्वारा डायल 112 पर सूचना दी गई कि उसने नेहरू नगर में किराए के मकान में अपनी पत्नी की रॉड मारकर हत्या कर दी है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल महिला को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। आरोपी पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच में दो माह पूर्व कोर्ट मैरिज करने और घरेलू विवाद की बात सामने आई है। पंचायतनामा व पोस्टमार्टम की कार्यवाही की जाएगी

## नाबालिग बालिका को बहला-फुसला कर ले जाने वाले वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

मोर्निंग सिटी



**राजपुर (कानपुर देहात)** जनपद कानपुर देहात में महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में दिनांक 08 सितंबर को वादी द्वारा थाना राजपुर पर तहरीर दी गई कि संजय कुमार व रवि पुत्र वीरेन्द्र कुमार निवासी ग्राम सतराजू थाना चुरखी जनपद जालौन द्वारा उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर ले गये व उनके घर जाकर उलाहना देने जाने पर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी गयी। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना राजपुर पर मु0अ0सं0 100/2026 धारा 137(2)/87/352/351(3) बीएनएस बनाम अभियुक्त उपरोक्त पंजीकृत किया गया। मुकदमा उपरोक्त में थाना राजपुर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुये दिनांक 11 सितंबर को वांछित अभियुक्त संजय कुमार पुत्र वीरेन्द्र कुमार उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम ग्राम सतराजू थाना चुरखी जनपद जालौन को मुखबिर की सूचना पर सब इंस्पेक्टर नीरज कुमार मय पुलिस कर्मियों नें जूनियर हाईस्कूल पिटाकपुर के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया

## अकबरपुर पुलिस टीम नें मोटर साइकिल चोरी करने वाले 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

मोर्निंग सिटी



**अकबरपुर (कानपुर देहात)** जनपद कानपुर देहात में आपराधिक घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना अकबरपुर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए शुक्रवार की रात्रि में चेकिग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त आजम पुत्र हबीबुर्रहमान निवासी टण्डन बाजार अमरौधा थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात को 01 देशी तमंचा 315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ नबीपुर रोड पर झाड़ी बाबा मंदिर के पास से चोरी की एक मोटर साइकिल के साथ समय 01.35 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त आजम उपरोक्त की निशानदेही पर 03 चोरी की मोटर साइकिल व 01 चोरी की मोटर साइकिल का चैसिस बरामद किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना अकबरपुर पर मु0अ0सं0 379/2026 धारा 317(2) बीएनएस व 3/25 आयुध अधिनियम बनाम आजम व इस्लाम उपरोक्त पंजीकृत किया गया । अभियुक्त इस्लाम उपरोक्त की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन कर सार्थक प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त आजम उपरोक्त का चिकित्सीय परीक्षण कराते हुए नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

अभियुक्त नें पूछताछ में बताया कि वह तमंचा अपनी सुरक्षा के लिये रखता है। जो मोटर साइकिल बरामद हुई है वह सभी चोरी की हैं जिनको मैने व इस्लाम ने अनंतराज अस्पताल अकबरपुर के बाहर से व अन्य जगह से चोरी की थी और आज वह और इस्लाम नामक व्यक्ति पहले से चोरी की हुयी अन्य 03 मोटरसाईकिलें व 01 चैसिंस बेचने के लिये,जो यहाँ से थोडे आगे नहर पटरी के पास झाड में छुपाकर गये थे, को वहां से उठाने आये थे, तभी आप लोगो को देख कर डर गये और भागने का प्रयास किया तब तक आपने मुझे पकड़ लिया और इस्लाम भागने में सफल रहा। जिसकी धरपकड़ के फिराक में लगातार दबिश दी जा रही है '

